तापमान

अधिकतम 24.2 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 19 दिसंबर 2023



सिम्स में रखरखाव की व्यवस्था अभी भी नहीं सुधरी है। यहां प्रसुता वार्ड के बाहर कूलर को रखा गया जिसमें कपड़े सुखाए जा रहे हैं।



हाँ, ये सच है
1,49 990/-Only
2BHK FULL Furniture Interior
Modular • Dinning • Bed. • TV Unit • Almira
Home@Home
Near Science College, Bilaspur
Mo. 8109024488, 958444744

## 600 से अधिक मृतकों के खाते बंद, उन्हें दो साल का बोनस कैसे मिलेगा, तय नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राज्य की सत्ता तक पहुंची भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में धान खरीदी का पिछले कार्यकाल के दो सालों का बकाया बोनस देने की घोषणा की है। दावा अनुसार 25 सितंबर को यह राशि आवंटित कर दी जाएगी। इसमें सिर्फ एक सप्ताह का समय ही बाकी है लेकिन बोनस की राशि खाते में पहुंचेगी कैसे, इसके संबंध में गाइड लाइन नहीं आई है। किसानों के साथ ही अधिकारियों को इसका इंतजार है। वहीं पूर्व में धान बेचने के लिए रजिस्टर्ड जिन किसानों की मौत हो गई है और उनके नाम से चालू एकाउंट भी बंद हो गए हैं, उनके वारिस चिंतित हैं कि उन्हें बोनस का लाभ कैसे मिलेगा। अधिकारी भी कुछ बता नहीं पा रहे हैं। हालांकि कहा जा रहा है कि मृत किसानों के नामिनी के खाते में बोनस की राशि ट्रांसफर हो जाएगी। इसके लिए एकाउंट का सत्यापन कराना होगा। जिले में 600 से अधिक किसानों के खाते का सत्यापन किया जा रहा है।

भाजपा की तत्कालीन सरकार ने दो साल वर्ष 2016-17 और 2017-18 में समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को बोनस नहीं दिया था। तब किसानों को 300 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बोनस देने की घोषणा हुई थी। सरकार ने उसके बाद का बोनस भुगतान किया था, लेकिन दो वर्षों का बोनस नहीं होने से 2018 के चुनाव में पार्टी चुनाव हार गई थी। इस विधानसभा चुनाव से पहले ही भाजपा ने किसानों को पिछला बकाया बोनस देने की घोषणा की थी। सत्ता वापसी के बाद भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिन 25 दिसंबर को किसानों को बोनस देने का वादा किया है, पर अभी तक कोई गाइड लाइन नहीं बन सकी है।

### अधिकारी बोले- नामिनी के एकाउंट में जाएगी राशि

- किसानों के साथ ही अधिकारियों को विस्तृत गाइडलाइन का इंतजार
- एकाउंट का सत्यापन कराना होगा, रजिस्टर्ड किसानों के वारिसों को मिलेगी राहत



### किसानों के मन में सवाल

- जिन किसानों के पिता के नाम पर धान बिकता था, उन रजिस्टर्ड किसानों की मौत हो गई तो वारिस को कैसे मिलेगा।
- रजिस्टर्ड किसान के नाम से सहकारी समितियों में खाता था, उनकी मौत के बाद वे खाते बंद हो गए हैं, वारिसों ने खाता अपने नाम पर करा लिया है, तो क्या होगा।
- भाइयों के बीच आपसी बंटवारे के बाद कैसे बोनस की राशि उन्हें मिलेगी।

### डेढ़ लाख किसानों को डेढ़ करोड़ का बोनस

जिले के डेढ़ लाख किसानों को बकाया दो साल का एक करोड़ 40 लाख का बोनस मिलेगा। प्रशासन इसके लिए पुराने बोनस का आंकड़ा जुटा रहा है। बिलासपुर सहकारी बैंक से जुड़े जिलों की बात करें तो संभाग के 5 लाख 26 हजार से अधिक किसानों को बोनस की राशि के तौर पर 800 करोड़ रुपए का भुगतान किया जाएगा। यह भी माना जा रहा है कि सरकार 25 दिसंबर को किसानों के खाते में बकाया बोनस के पैसे ट्रांसफर कर सकती है। इसके मुताबिक तकरीबन 5 लाख 26 हजार से अधिक किसान पंजीकृत हैं, जिसमें से 52 हजार से अधिक किसानों ने धान बेचा है। इनके 300 रुपए अंतर की राशि 4.32 करोड़ रुपए एक साल का है। दो साल के बोनस की राशि अनुमानित 800 करोड़ रुपए है। अब भुगतान के लिए शासन के आदेश का इंतजार है।

### फिलहाल आदेश नहीं मिला

फिलहाल भुगतान संबंधी कोई आदेश शासन से प्राप्त नहीं हुआ है। आदेश आने पर भुगतान की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। मृत किसानों के नामिनी के खातों में बोनस की राशि ट्रांसफर होगी। हालांकि इस संबंध में अभी सरकार से कोई गाइड लाइन नहीं आई है। जैसा आदेश मिलेगा उस आधार पर बोनस वितरण की प्रक्रिया होगी। साथ ही हमारे पास खरीफ वर्ष 2016-17 और 2017-18 के किसानों का डाटा उपलब्ध है। भुगतान करने में कोई तकनीकी दिक्कत नहीं होगी।

- **आशीष दुबे**, नोडल अधिकारी, सहकारी बैंक

### किसानों को कर्ज काटकर हो रहा भुगतान

ध्यान रहे कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि हर हाल में 25 दिसंबर तक बकाया बोनस की राशि किसानों के खाते में जमा करा दिया जाएगा। हालांकि, इस संबंध में अभी तक बैंक को कोई आदेश नहीं मिला है, लेकिन बैंक के अधिकारियों का कहना कि उन्होंने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। अधिकारियों के अनुसार 1 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी के दौरान बैंक के अधिकारियों ने धान बेचने वाले किसानों के लिए गए कर्ज को काटकर भुगतान किया है। ज्ञात हो कि बिलासपुर जिले की 140 समितियों में 51 हजार 681 किसानों ने धान बेचा है, जिनसे 34 करोड़ 43 लाख रुपए 49 हजार रुपए कर्ज के रूप में बैंक द्वारा काट लिया गया है। ऐसे में किसानों को अब बकाया बोनस की राशि का बेसब्री से इंतजार है।

जिला अस्पताल का मामला

## छुट्टी के दिन इमरजेंसी भी बंद, ना डाक्टर मौजूद ना मिला स्टाफ



**बिलासपुर।** अगर छुट्टी का दिन है और दुर्घटना में आप घायल हो गए हैं तो भूल कर भी जिला अस्पताल न जाएं, वरना लेने के देने पड़ सकते हैं। दरअसल यहां डाक्टरों की मनमर्जी हावी है, जिसके चलते मरीजों को भटकना पड़ जाता है। ऐसी ही घटना सोमवार को देखने को मिली, स्मृति वन के पास घायल अवस्था में मिले मरीज पंकज जोशी को वहां से गुजर रहे शिव प्रसाद देवांगन ने देखा और उसे उठाकर जिला अस्पताल लेकर आए, लेकिन यहां डाक्टर और स्टाफ नहीं होने के कारण उन्हें घंटों परेशान होना पड़ा। इस मामले में शिव प्रसाद ने बताया कि उन्होंने हादसे में घायल को देख स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए 108 और 112 को कॉल किया, लेकिन घंटे भर बाद भी वाहन के नहीं पहुंचने पर निजी खर्चे पर आटो के साथ मरीज को लेकर जिला अस्पताल लेकर आए लेकिन यहां कोई डाक्टर और स्टाफ मौजूद नहीं था, उनके साथ अन्य मरीज भी अस्पताल में डाक्टर का इंतजार कर रहे थे, बाद में किसी ने जानकारी दी कि छुट्टी होने के कारण ज्यादातर डाक्टर नहीं आए हैं और इसका फायदा उठाकर स्टाफ भी गायब है। ऐसे में घंटे दो घंटे के बाद मरीज को उपचार मिल सका। वहीं आरएमओ आशंका बंजारे ने बताया कि सुबह डॉ. विजय मिश्रा इमरजेंसी में तैनात थे, उस दौरान जितने में मरीज आए हैं, उनका इलाज किया गया है।

अशोक नगर, इंदु चौक, शनिचरी बाजार सबस्टेशन की हालत खराब

## बिजली सबस्टेशन है या स्टोर रूम कचरा, कबाड़ व बदहाली का मंजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिजली विभाग के सबस्टेशनों की हालत बेहद खराब है, इन्हें संभालने की जिम्मेदारी ठेकेदारों को देकर विभाग चैन की नींद सो रहा है, लेकिन हालत यह है कि ज्यादातर सबस्टेशनों में ट्रांसफार्मर कबाड़ के तौर पर रखे गए हैं, इसके अलावा यहां शराब की बोतल, डिस्पोजेबल गिलास और कचरा जमा है। ऐसे में बिजली विभाग के काम करने के तरीके पर सवाल उठने लगे हैं।

### सालों से कबाड़ पड़े हैं ट्रांसफार्मर

शहर के आसपास बिजली विभाग द्वारा 33/11 केवी के ट्रांसफार्मर बनाए गए हैं, इन सबस्टेशन की मॉनिटरिंग डिवीजन के अधिकारियों के द्वारा की जाती है, वहीं मेंटनेंस और स्टाफ का ठेका दिया गया है, लेकिन हर साल लाखों खर्च करने के बाजवूद सबस्टेशनों की हालत खराब है, ठेकेदारों ने मेंटनेंस करना ही बंद कर दिया है, जिससे यहां कचरा और कबाड़ दिखाई दे रहा है। अशोक नगर, सिरगिट्टी, इंदु चौक, शनिचरी बाजार, लिंक रोड, नेहरू नगर जैसे सबस्टेशनों में कमोबेश एक से हालत है।



अशोक नगर स्थित फ्यूज कॉल सेंटर में ट्रांसफार्मर कबाड़ की तरह पड़े हैं।

### दिया गया है मेंटनेंस का ठेका

सबस्टेशनों के मेंटनेंस का ठेका दिया गया है, वहीं सहायक यंत्री मेंटनेंस को इन सबस्टेशनों की देखरेख करानी है। अब तक कोई शिकायत नहीं मिली है,जेई और एई से चर्चा की जाएगी।

- **सईद मुख्तार**, ईई, नेहरू नगर



शनिचरी फ्यूज कॉल सेंटर में ट्रांसफार्मर का भंडार लगा हुआ है।

### रात होते ही असामाजिक तत्वों को डेरा

इंदु चौक सबस्टेशन शहर के हृदयस्थल में बनाया गया है। शाम होते ही यहां शराबी और नशेड़ी जमा हो जाते हैं, जिन्हें स्टाफ के कर्मचारी भगा नहीं पाते हैं। यहां का बोर खराब हो चुका है जिसके चलते टेपनल के सहारे सबस्टेशन में अर्निंग का पानी दिया जाता है। गेट पिछले कई सालों से टूटा पड़ा है, जिसे बनाने की फुर्सत भी नहीं है। बताया जा रहा है कि यहां कई बार चोरी हो चुकी है, जिसके चलते स्टाफ का सलेंडर और फ्यूज कॉल मोबाइल गायब हो चुका है, लेकिन अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।



इंदू चौक स्थित फ्यूज कॉल सेंटर का मोटर खराब है। यहा अस्थायी व्यवस्था से काम चल रहा है।

### शनिचरी में कंडम ट्रांसफार्मर

शनिचरी सबस्टेशन से आधे शहर को बिजली सप्लाई की जाती है, बारिश के दिनों में विभाग ट्रांसफार्मर की कमी से जुझ रहा था, लेकिन यहां सालों से कंडम ट्रांसफार्मर रखे गए हैं, जिसे न तो स्टोर भेजा जा रहा है और न ही मरम्मत कराई जा रही है। अब हालत यह है कि ट्रांसफार्मर रखने के लिए जगह नहीं बची है, ऐसे में यहां चोरी की घटनाएं बढ़ने का आशंका है।

### शराब और पानी का पाउच

अशोक नगर और इंदु चौक सबस्टेशन परिसर में शराब और पानी के पाउच का कचरा फैला हुआ है, सालों से साफ सफाई नहीं होने के कारण यहां कचरा फैला हुआ है। खास बात यह है कि इन सबस्टेशनों में रोजाना एई और जेई को निरीक्षण करना है, लेकिन अधिकारी कार्यालय में बैठे-बैठे बिजली व्यवस्था देख रहे हैं, ऐसे में उन्हें सबस्टेशनों का हाल मालूम तक नहीं है। खास बात यह है कि इन कचरों के ढेर में कई बार आगजनी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से बचते नजर आते हैं।

## उत्तर से आ रही हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन, जलने लगे अलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- दिन में भी गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आ रहे लोग

उत्तर से आ रही ठंडी हवाओं के कारण एकाएक तापमान कम हो गया है। दिन में भी ठंडी हवा चलने से दिन में भी लोगों की कंपकंपी छूट रही है, शाम होते होते लोगों को ठंड से राहत पाने के लिए अलाव जलाना पड़ रहा है।

मौसम में बदलाव के बाद जमकर ठंड पड़ने लगी है, ठंड के सितम के आगे हर कोई ठिठुरने लगा है। सोमवार को जहां सुबह 7 से 9 बजे तक आसमान में बदली छाई थी, वहीं 9 बजे के बाद अचानक आसमान साफ होने लगा और कुछ ही देर में ठंडी हवाओं ने मौसम का मिजाज बदल कर रख दिया, जिसके चलते दिन भर लोगों को ठंडी हवा से बचने के लिए गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा।

पेंड्रा और अंबिकापुर में पारा तेजी से नीचे जा रहा है, जहां पेंड्रा में 9 डिग्री के आसपास तापमान बना हुआ है, वहीं रविवार की रात अंबिकापुर में 6.6 डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया, बिलासपुर में 13 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार उत्तर से आ रही सर्द हवाओं के चलते ठंडी बढ़ चुकी है। ऐसी स्थिति अगले दो से तीन दिन तक बनी रह सकती है।



न्यूनतम तापमान 13 डिग्री

### घरों में जलने लगे अलाव

सोमवार को छुट्टी होने के चलते ज्यादातर लोग घरों पर रहे, वहीं इस दौरान लोगों ने ठंड का भरपूर मजा भी लिया। घरों में दोपहर को ही हीटर और अलाव जलाए गए, वहीं शाम होते ही सड़कों के किनारो पर भी गुमटी और चाय की दुकानों में लोगों ने चाय और काफी का लुत्फ लिया। मौसम में आए अचानक बदलाव के चलते लोगों के गर्म कपड़ों के साथ ही कंटोप और मफलर तक निकल चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद स्कूली बच्चों को ठंडी में भी सवेरे-सवेरे स्कूल जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

### निगम ने शुरू किया अलाव जलाना



दिसंबर में ठंड ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। ठंड बढ़ते देख नगर निगम शहर में अलाव जलवाना शुरू कर दिया है और अलाव के लिए गो काष्ठ की व्यवस्था की गई है। निगम के सभी जोन एरिया में सार्वजनिक जगहों पर अलाव जलाने कहा गया है। निगम की ओर से मंगला चौक, मुंगेलीनाका चौक, नेहरू चौक, राजीव गांधी चौक, सत्यम चौक, जरहाभाठा मंदिर चौक समेत शहर के चौक-चौराहों, बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड, बस स्टापेज आदि सार्वजनिक जगहों पर अलाव जलवाए जा रहे हैं।

### स्कूलों का नहीं बदला है समय



दिसंबर में तापमान तेजी से कम होता जा रहा है, वहीं अब तक स्कूलों का समय नहीं बदला गया है। ठंड में सुबह की पाली में स्कूल जाने वाले बच्चों की हालत खराब हो रही है। कुछ स्कूलों ने आधे घंटे का समय बढ़ाया है, परन्तु अधिकांश स्कूल पुराने समय पर ही लग रहे हैं। ठंड में स्कूल जाने वाले बच्चों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। पालक लगातार समय बदलने की मांग कर रहे हैं।

### किसानों को मिली राहत



पिछले दिनों बेमौसम बारिश होने से किसानों के धान की फसल खेत और खलिहान में फंस गई थी। किसान अपनी फसल को बचाने का प्रयास कर रहे थे। अब मौसम खुलने के बाद एकबार फिर खेती किसानी का काम तेज हो गया है। जिन किसानों के धान के फसल की कटाई नहीं हुई थी, वे कटाई करा रहे हैं। वहीं जिन किसानों के फसल की कटाई हो गई थी, वे फसल की बिक्री करने में जुट गए हैं। सहकारी समितियों में भी धान खरीदी की गति तेज हो गई है।

## सिग्नल का समय भीड़ देख बढ़ेगा

**बिलासपुर।** शहर की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए 150 करोड़ रूपए खर्च कर शहरभर के चौक-चौराहों में सीसीटीवी कैमरा और डीजिटल सिग्नल लगाया गया है। आईटीएमएस बिल्डिंग से अब शहर के ट्रैफिक व्यवस्था की निगरानी की जा रही है, नियम तोड़ने वालों का ई-चालान भी हो रहा है। लेकिन इससे शहरवासियों को सर्वाधिक समस्या चौक-चौराहों में लगे सिग्नल के समय से हो रही है। जहां ज्यादा ट्रैफिक का दबाव है। उन सड़कों में रेड लाईट का 120 सेकेंड और ग्रीन लाईट का मात्र 15 सेकेंड दिया जा रहा है। जिसके कारण सिग्नल पार करने में लोगों को दो-दो बार ग्रीन लाईट होने का इंतजार करना पड़ रहा है। ऐसे में आईटीएमएस के अफसरों का कहना है कि अभी सिग्नल टेस्टिंग पर चल रही है। किन-किन चौक-चौराहों में अभी दबाव रहता है, इसका एनालिसिस किया जा रहा है। साफ्टवेयर अपडेट करने के बाद चौराहे में जिस ओर अधिक वाहन चालक रूके रहेंगे, वहां का सिग्नल ऑटोमेटिक समय बढ़ा देगा। लेकिन फिलहाल वर्तमान में लोग ट्रैफिक सिग्नल के समय को लेकर परेशान हो रहे हैं।



- आईटीएमएस के अफसर ट्रैफिक का कर रहे एनालिसिस

कोटा के अमाली पहाड़ में चल रहा प्रशिक्षण

## चांदमारी: पुलिस अधिकारियों से सहायकों ने बंदूक पकड़कर गोली चलवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जनता की सुरक्षा करने के लिए नियुक्त पुलिस अधिकारियों की हालत यह है कि इन्हें बंदूक से निशाना लगाना दूर, बंदूक चलाना भी नहीं आता। पिछले दो दिनों से कोटा के अमाली पहाड़ में चल रही चांदमारी के दौरान यह जानकारी सामने आ रही है। इस चांदमारी में अधिकांश पुलिस अधिकारी हवा में फायरिंग कर रहे हैं, वहीं कई अधिकारियों से उनके सहायक बंदूक पकड़कर गोली चलवा रहे हैं।

15 व 16 दिसंबर को आरआई भूपेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में कोटा अमाली खार के पहाड़ में 170 पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों की फायरिंग प्रशिक्षण दिया गया है। एक पुलिसकर्मी व अधिकारी को 20 राउंड गोली चलाकर निशाना लगाने कहा जाता है। इस चांदमारी के दौरान पुलिस अधिकारियों की पूरी पोल खुल रही है। नक्सल क्षेत्र से आए अधिकारी कर्मचारी बुल में निशाना लगाने में नहीं चूक रहे हैं, किन्तु लंबे समय शहरी क्षेत्र में रहने वाले अधिकारी व पुलिसकर्मियों की हालत खराब है। ये अधिकारी, कर्मचारी सिर्फ हवा में फायरिंग कर रहे है। निशाना लगाने से चूकने वाले पुलिस अधिकारी व कर्मचारी को बंदूक पकड़ना भी नहीं आता है, सहायक इनसे बंदूक पकड़कर गोली चलवा रहे हैं। ये अधिकारी, कर्मचारी सहायकों के सहारे टारगेट पूरा कर रहे हैं।



निशाना लगाने के दौरान हर जवान के साथ बंदूक संभालने एक सहयोगी भी खड़ा रहा।

### शहरी क्षेत्र में नहीं मिलता मौका

शहरी क्षेत्र में एएसआई से लेकर डीएसपी रेंक के अधिकारी को पिस्टल उपलब्ध कराई जाती है, इसके अलावा पुलिसकर्मियों के लिए थाने में एसएलआर दिया जाता है। किन्तु शहरी क्षेत्र में पिस्टल, एसएलआर चलाने की जरूरत नहीं पड़ती है, जिससे पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों का निशाना नहीं लग पाता है। इसे देखते हुए साल के अंतिम दिनों में फायरिंग प्रशिक्षण के तहत चांदमारी कराई जाती है, ताकि विपरित स्थिति में उन्हें पिस्टल, एसएलआर चलाने में कोई परेशानी न हो।

### तीन पोजिशन में फायरिंग

चांदमारी के दौरान पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को फायरिंग के लिए 20 राउंड दिए जाते हैं। आरक्षक से हवलदार को एसएलआर, इंसास व एएसआई से डीएसपी रेंक के अधिकारियों से पिस्टल से फायरिंग कराई जाती है। उनसे पहले लाइन पोजिशन लेटकर, दूसरा मिलिंग पोजिशन घुटने के बल बैठकर, तीसरे में स्टेटिंग पोजिशन खड़े होकर फायरिंग कराई जाती है।



### 1500 ने नहीं की चांदमारी

दिसंबर माह में अब तक लगभग 250 पुलिस अधिकारी कर्मचारी चांदमारी कर चुके है। वहीं वर्तमान में 1500 पुलिस अधिकारी व कर्मचारी चांदमारी नहीं कर पाए हैं। आगामी दिनों में अधिकारी व कर्मचारियों से फायरिंग कराकर चांदमारी कराई जाएगी।

### 250 पुलिसकर्मी कर चुके चांदमारी

दिसंबर शुरू होते ही बीच बीच में पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों की चांदमारी कराना शुरू कर दिया गया था। पिछले दो दिनों में 170 अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा चांदमारी की गई है। अब तक 250 पुलिसकर्मी चांदमारी कर चुके हैं। कुछ लोग टारगेट बुल में निशाना लगाने में चूक रहे थे, जिससे उनसे दोबारा फायरिंग कराकर टारगेट पूरा कराया गया है।

- **भूपेन्द्र गुप्ता** आरआई

## खबर संक्षेप

### न्यूयार्क में पदस्थ चिकित्सक ने अपने जन्मस्थल के स्कूल में बच्चों को बांटे स्वेटर



**सीपत।** जिले के मस्तूरी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम देवरी पंथी में जन्म लिए डॉ लक्ष्मीधर दीवान ने शनिवार को अपनी माता श्रीमती सुहागा देवी व पिता पिता श्रीधर दीवान की स्मृति को यादगार बनाने हेतु प्राथमिक शाला देवरी के सभी बच्चों को गर्म कपड़ा (स्वेटर) प्रदान किया। शिक्षिका सावित्री सेन ने बताया कि श्री दीवान ने आश्वासन दिया है कि भविष्य में कभी भी बच्चों को मूलभूत सुविधा की आवश्यकता होने पर सुविधा प्रदान करने का पूरा प्रयास करेंगे। इस अवसर पर संकुल प्रभारी संजय शर्मा, समन्वयक धर्मेन्द्र गौरहा, अमित वस्त्रकार शाला के प्रधानपाठक कृष्ण कुमार रात्रे, रविशंकर पाण्डेय, मनोज कौशिक, उज्जैन कुमार राठौर, अनिता कश्यप कल्पना सिंह, गजाला मालिक, उषा उपाध्याय उपस्थित रहे। बता दें कि डॉ दीवान वर्तमान में यूएसए के न्यूयार्क शहर में चिकित्सक का कार्य करते हुए निवास कर रहे हैं।

### जिला साहू संघ ने किया सीपत थाने का घेराव



**सीपत।** शापिंग माल में घुसकर मारपीट करने वाले असामाजिक तत्व को गिरपतार करने की मांग को लेकर शनिवार को जिला साहू संघ ने सीपत थाने का घेराव किया। विदित हो कि 13 दिसम्बर को सीपत स्थित गोपी शापिंग माल के संचालक लक्ष्मण साहू उनके पुत्र पत्नी को जान से मारने के इरादे से हाथ में डंडे लेकर कुछ लोग शापिंग माल में घुस गए। इस दौरान लक्ष्मण साहू व उनके पुत्र पत्नी से मारपीट की। जिसके कारण लक्ष्मण साहू व उनके पुत्र के सिर में गंभीर चोट पहुंची। आरोपियों ने सीपत थाने में लक्ष्मण साहू व उनके पुत्र से मारपीट की। आरोपी पर कार्रवाई नहीं होने से नाराज साहू समाज के लोगों ने शनिवार को सीपत थाने का घेराव कर दिया। साहू समाज के प्रमुख पदाधिकारियों ने आरोपी को जल्द से जल्द गिरपतार करने की बात कही। उचित कार्रवाई नहीं होने पर समाज ने उग्र प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

### अक्षत कलश यात्रा पहुंची बेलतरा जगह-जगह हुआ स्वागत



**लगरा।** अयोध्या में 22 जनवरी को आयोजित होने वाले श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव कार्यक्रम को लेकर निकाली गई कलश यात्रा बेलतरा विधानसभा क्षेत्र पहुंची। यहां यज्ञ शाला परिसर खैरा से लखराम तक यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। भक्त फल व मिठाई का वितरण कर भगवान राम का जयकारा लगा रहे थे। सभी उपस्थित लोगों को 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक बेलतरा रजनीश कुमार सिंह, रामधन रजक, विक्रम सी सिंह, अवधेश अग्रवाल, लक्ष्मी प्रसाद कश्यप, श्रीकांत दुबे, मनीष कौशिक सहित संघ परिवार के लोग व क्षेत्रवासी काफी संख्या में उपस्थित थे।

### महिलाओं ने उपमुख्यमंत्री साव का किया अभिनंदन



**बिल्हा।** राजेश्वरी गुप्ता महिला मंडल अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बनाएं जाने के बाद सड़क मार्ग से बिलासपुर जाते हुए बिल्हा ग्राम हिर्री के पास महिला मंडल अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि राजेश्वरी गुप्ता ने महिलाओं के साथ उपमुख्यमंत्री अरूण साव का भव्य स्वागत किया। महिलाओं में पुनीता डहरिया, मेलन साहू, पूजा अग्रवाल, उर्मिला यादव, शशि श्रीवास, कुमारी कौशिक, हेमा साहू, विंद्रा आदि सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थीं।

### मन में लगने वाली कथा करती है व्यथा दूरः पं.आयोध्या

**तखतपुर।** ब्लाक कॉलोनी निवासी नारायण सिंह ठाकुर निवास में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। इसमें प्रथम दिवस कलश यात्रा के साथ कथा प्रारंभ हुई। कैलाश नगर स्थित निवास से कलश यात्रा निकाली गई। बाजे गाजे के साथ नदी से जल लेकर विधिवत वैदिकरीति से पूजा अर्चना कर कलश स्थापना कर कथा प्रारंभ की गई। प्रथम दिवस कथा विस्तार करते हुए भागवत आचार्य पंडित अयोध्या प्रसाद तिवारी ने कथा महत्व तथा गोकर्ण कथा पर प्रकाश डाला। कथा अवसर पर अभिषेक पाठक, दुर्गावती कामेश्वर राजपूत सहित लता दिनेश राजपूत, भारती चितरंजन सिंह, बीना भूपेंद्र सिंह, सोनू नरेंद्र सिंह, उत्रा सुनील सिंह, माया राजकुमार सिंह, ममता नारायण सिंह, दिलीप सिंह ठाकुर, कांतिबाई, हीरा सिंह, लक्ष्मीनदेवी,मनी सिंह, चंद्रभान सिंह, जितेंद्र सिंह, ईश्वर सिंह, लोमश सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## निधन

### छत्रपाल देवांगन



**बिलासपुर।** जूना बिलासपुर देवांगन मोहल्ला निवासी सेवानिवृत्त मंडी बोर्ड कर्मचारी छत्रपाल देवांगन का 18 दिसम्बर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दयालबंद स्थित मधुबन मुक्तिधाम में किया गया। वे शुभचंद देवांगन के बड़े भाई थे।

### चुणामणी शर्मा



**तखतपुर।** बेलसरी निवासी चुणामणी शर्मा 34 वर्ष का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बेलसरी में किया गया। वे हलधर शर्मा के पुत्र, डा. हनी शर्मा के छोटे भाई थे।

## लालपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री

# बाबा ने दिया समरसता का संदेशः साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

ग्राम लालपुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बाबा ने हमेशा समरता का संदेश दिया है। इसके अलावा विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र में जितने भी वादे किए गए हैं वह सारे पूरे होंगे। महिलाओं और किसानों के खाते में जल्द ही राशि भी आएगी।

■ सारे वादे पूरा करेंगी सरकार और किसानों, महिलाओं के खाते में जल्द आएगी राशि

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा लोरमी के लालपुर में सतनामी समाज के लिए तीर्थ स्थल है। वे पहले सांसद के रूप मे समाज की जयंती कार्यक्रम में आते रहे हैं। पहली बार मुख्यमंत्री के रूप में आने का अवसर मिला है। छत्तीसगढ़ के 18 वी सदी में बाबा का जन्म हुआ था। समाज के साथ उनके उपदेश मनखे मनखे एक समान आज प्रासंगिक है। उनके बताए रास्ते से चलकर देश व राज्य प्रगति पर है। उन्होंने समरसता का उपदेश समाज को दिया। हर साल समाज उनकी जयंती भव्यता के साथ मनाते हैं, लेकिन सार्थक तभी होगा जब हम उनके उपदेशों को आत्मसात करें। उसी दिशा में अपनी जीवन को ले जाये। उन्होंने बताया कि गिरौदपुरी धाम में कुतुबमीनार से ऊंचा जैतखंभ बना है।





कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का स्वागत करते समर्थिक व उपस्थित जनसमूह।

बाबा घासीदास के आशीर्वाद से एक साधारण आदमी किसान के बेटे को प्रदेश की बड़ी जिम्मेदारी मिली है। छत्तीसगढ़ में चुनाव के दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए वादे का पहला काम 18 लाख परिवार को पहले कैबनेट में स्वीकृत किया। किसानों से किए वादे पूरे होंगे, जिसमें उनकी एकमुश्त 3100 रुपये प्रति क्विंटल के साथ 21 क्विंटल धान खरीदी करेंगे। विवाहित महिलाओं के खाते में महतारी वंदन योजना से प्रत्येक माह एक हजार उनके खाते में डाले जाएंगे। प्रधानमंत्री उज्ज्वल योजना से 500 में गैस सिलेंडर मिलेंगे। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भोजन और छत्तीसगढ़ व्यंजन की तारीफ की। सर्वप्रथम जोड़ा जैतखंभ का पूजन अर्चन एवं मंदिर में गुरुदर्शन कर सीएम और डिप्टी सीएम ने आर्शीवाद लिया। समिति के अध्यक्ष फणीश्वर पाटले के नेतृत्व में विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का महामाला का से स्वागत कर उन्हें शाल श्रीफल भेंट किये। इस दौरान गुरुवाइन डबरी एवं अन्य स्थानों के पंथी पार्टी ने आर्कषक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को विधायक पुन्नू लाल मोहले, पूर्व सांसद लखन लाल साहू, पूर्व विधायक भूपेंद्र सिंह, तोखन साहू, कोमल गिरी, हेमचन्द्र जांगणे, डीएल भास्कर ने संबोधित किया। मंच संचालन आरके पात्रे, संतदास पात्रे एवं सतनामी कल्याण समिति अध्यक्ष फणीश्वर पाटले ने किया।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में राजमंहत भुवनेश्वर पात्रे, श्यामलाल खांडेकर, वर्षा विक्रम सिंह, विनय साहू, नितेश गोयल, बनवारी लाल, दुर्गा उमाशंकर, गुरमीत सलुजा, रवि शर्मा, दिनेश साहू, सन्तोष साहू, धनेश साहू, साहिकार साहू, गणेश साहू, भवानी, ज्ञानेश क्षत्री, दिनेश कश्यप, महेंद्र साहू, तामेश्वर साहू, संजय त्रिपाठी, रमाकांत कस्यप, रघुवीर, राका गुप्ता, स्वारथ दिवाकर, गौकरण भास्कर, रामकुमार पात्रे, बी. सिंह नवरंग, रामेश्वर बंजारे, कमरू बंजारे, तीरिथ खुटे, प्रकाश बघेल, गोवर्धन जांगड़े, जयंत मनहर, डी पवन घृतलहरे, मीना पाटले जपं अध्यक्ष रजनी सोनवानी, लैला भिखारी जिला पंचायत सदस्य, संदीप भार्गव सरपंच, रोहित धृतलहरे उपसरपंच, डॉ सतप्रकाश बघेल, डॉ.आरएल तलहरे, डॉ. सुदेश राय, डॉ. संतोष बघेल, डॉ. मणी भास्कर एवं कार्यक्रम में समाज के राजमहंत, महंत, भण्डारी, छड़ीदार, अधिकारी-कर्मचारी, पंच-सरपंच, जिला-जनपद जन प्रतिनिधि, साहित्यकार, संगीतकार, शोधकर्ता, सादर आंमत्रित किया गया है।



# कार्यों में लापरवाही पर की जाएगी कार्रवाईः धर्मजीत

**तखतपुर।** नवनिर्वाचित विधायक धर्मजीत सिंह ठाकुर ने विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जन को दिलाने की बात कहकर चेतावनी दी कि कार्यो के प्रति लापरवाही करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।

पुराने काम करने के तरीक़े को बदलकर नए सिरे से कार्य आरंभ करने के लिए निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी किस्म के भ्रष्टाचार, अनियमिताएं और कमीशन खोरी नहीं की जाएगी। शासन की योजनाओं का सीधा लाभ हितग्राहियों को दिलाना ही सरकार का उद्देश्य है। इसमें किसी भी किस्म का बहाना या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों को शासन द्वारा जनता को सुविधाएं दिलाने और योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए पदस्थ किया गया है। अफसरों को इसके अलावा दूसरा कोई कार्य नहीं करना है। विधायक का नाम लेकर किसी भी किस्म का भ्रष्टाचार, वसूली नहीं चलेगी।तखतपुर बिलासपुर सड़क मार्ग को पूर्ण और दुरुस्थ करने का हिदायत देते हुए कहा कि तखतपुर की जनता को कहीं भी आने-जाने के लिए कोई तकलीफ नहीं होनी चाहिए। प्रधानमंत्री आवास की किश्त हितग्राही पात्रता के अनुसार दिया जाए। इसी तरह जनपद पंचायत में भी ग्रामीण क्षेत्र के हितग्राहियों के लिए स्वीकृत आवास बगैर किसी भ्रष्टाचार या लेनदेन के वास्तविक हितग्राहियों को लाभ दिलाए। एसडीएम से स्वयं प्रधानमंत्री आवास किस्त को अपनी मॉनिटरिंग करने को कहा। कृषि उपज मंडी अधिकारी से कहा कि मंडी के सारे रिकॉर्ड की सूची बना कर रखें। सारे धान खरीदी केंद्र की जांच कर मॉनिटरिंग करें।विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि तखतपुर बरेला मनिहारी पुल निर्माण में जो अनियमिताएं और भ्रष्टाचार हुआ है, उसकी जांच होगी।

# प्रदेश की खुशहाली यादव समाज की देनः राजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत



रावत नाच महोत्सव में बिखरी लोक कला की छटा

यादव समाज व ग्राम पंचायत सीपत के संयुक्त तत्वावधान में तहसील परिसर सीपत में रविवार को रावत नाच महोत्सव का आयोजन किया गया है। इसमे यदुवंशी नर्तक दल गड़वा बाजा की धुन पर बहुरंगी नृत्यकला एवं शस्त्र चालन कला का प्रदर्शन कर माहौल में रंग जमाया। लाठी चलाकर उन्होंने दर्शकों का दिल जीत लिया। नृत्य से ज्यादा इस शौर्य प्रदर्शन की सराहना की गई।

रावत बाजार में लोगों ने जमकर खरीददारी की। महोत्सव की शुरुआत श्रीकृष्ण की प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चना कर की गई। जय यादव जय माधव के नारों से यादव समाज शक्ति का प्रदर्शन करते रहे। मुख्य अतिथि ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष व सीपत सरपंच राजेंद्र धीवर ने कहा कि छग की ख़ुशहाली यादवों की देन है। तत्कालीन सीएम ने विलुप्त हो रही लोकसंस्कृति व सभ्यता को आगे लाने का प्रयास किया है। उन्होंने रावत नाच महोत्सव को आने वाले वर्षों में और अधिक भव्यता प्रदान करने आश्वस्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे यादव समाज के जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव ने कहा कि यादव समाज अपनी परंपरा को पूरे छग में बरकरार रखा है। सभी अनुशासित रहें व अनैतिक कार्यों को न अपनाएं। उन्होंने सभी को भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों पर चलने आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दुबे सिंह कश्यप जनपद सभापति प्रतिनिधि सुनील भोई, मनोज खरे, मन्नू सिंह, बजरंग जायसवाल, जितेंद्र कुंभकार, गणेशराम यादव, दिलीप वर्मा, पूर्व जनपद सदस्य संतोष यादव, सचिव हरप्रसाद यादव, प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रदीप पांडेय, हिमांशु गुप्ता, हरीश गुप्ता आदि मौजूद थे।

**छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक**

यदुवंशी समाज के नर्तक पारंपरिक आकर्षक वेशभूषा में छत्तीसगढ़ की संस्कृति की छटा बिखेर रहे थे। महोत्सव में शामिल होने पहुंचे यदुवंशियों ने कहा कि कृषि प्रधान देश होने के कारण यहां पशुधन का विशेष महत्व है। अभी भी गौवंश के बगैर देश मे कृषि कर पाना संभव नही है। भगवान श्रीकृष्ण के वंशज होने के कारण यदुवंशी गौपालन से जुड़े हुए है। यही कारण है कि देवउठनी एकादशी से गौमाता को रक्षासूत्र के रूप से सोहाई बांधकर धन धान्य से परिपूर्ण करने की कामना की जाती है। फसल तैयार हो जाने के बाद यदुवंशी महोत्सव के रूप में यह पर्व मनाते है। रावत बाजार में छोटा मेला का नजारा रहा।

# दामाद को देखने जा रहे ससुर और साथी की हादसे में मौत

**तखतपुर।** दामाद का सड़क दुर्घटना में पैर टूट जाने की जानकारी मिलने के बाद दामाद को देखने जा रहे ससुर और उसके साथी की बीती रात को जरहागांव थाना अंतर्गत पथरिया मोड़ के पास हाईवा की टक्कर से सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार लोरमी बंधवा निवासी रामेश्वर बघेल पिता विश्राम बघेल उम्र 58 वर्ष का दामाद कमलेश बंजारे तखतपुर थाना अंतर्गत ग्राम जरौंधा नवापारा में रहता है, जिसकी सड़क दूर्घटना में पैर टूटने की सूचना मिलने पर रात लगभग 8 बजे जरौंधा नवापारा के लिए रामेश्वर बघेल अपने साथी कमलेश माथुर पिता रमेश माथुर उम्र 30 वर्ष निवासी बंधवा दोनो बाइक से जरौंधा नावापारा तखतपुर जा रहे थे, तभी रात लगभग 10 बजे जरहागांव थाना अंतर्गत ग्राम बरेला पथरिया मोड़ के पास विपरीत दिशा से अनियंत्रित गति से आ रही हाईवा ने टक्कर मार दी। ठोकर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों मौके पर ही अचेत हो गए, जिन्हें ईलाज के लिए



तखतपुर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। डाक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

**पर्व की खुशियां मातम में बदली-** रामेश्वर बघेल अपने दामाद को घटना 17 दिसम्बर को देखने ग्राम जरौंधा आ रहा था, क्योंकि 18 दिसम्बर को पर्व की तैयारीयां समाज के द्वारा करने की और गुरूघासीदास जायंती मनाया जाना था पर एक ही गांव में दो लोगों की मौत हो जाने से परिवार में मातम छा गया।

# गुरुघासीदास जयंती पर निकली बाइक रैली

**तखतपुर।** संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर सतनामी समाज द्वारा सतनाम भवन में पूजा अर्चना कर मोटरसाइकिल रैली शाम को बाबा गुरु घासीदास की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा सतनाम भवन से प्रारंभ होकर बजरंग नगर, नया बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड,संगम नगर, मंडी चौक, महाराणा प्रताप चौक होते हुए वापस कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। शोभायात्रा का जगह-जगह विभिन्न संगठन ने स्वागत किया। बाजे गाजे के साथ समाज के लोग शोभायात्रा में शामिल हुए और बाबा गुरु घासीदास के संदेशों को जन-जन को आत्मसात करने का संदेश दिया। पुराना बस स्टैंड में पार्षद टेकचंद कारड़ा के नेतृत्व में, महामाया चौक में नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा मुन्ना श्रीवास के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने, पुराना बस स्टैण्ड में हिंदु युवा मंच की ओर से कोमल सिंह ठाकुर के नेतृत्व में पंडरिया रोड में नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना सिंह ठाकुर, अशोक ठाकुर, दिनेश राजपूत के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक चोवादास खाण्डेकर, तरूण खाण्डेकर, संजीव खाण्डेय, बिहारी टोडर, प्रदीप लहरे, भागचंद कुर्रे, संदीप खाण्डे, सुनील जांगड़े, राकेश डाहिरे, राजेश लहरे, धरम चतुर्वेदी, शशीकांत जांगड़े, अनिल जांगड़े, अशोक कुर्रे, हीरा लाल जांगड़े, सुनील आहुजा, नामीचंद जांगड़े, धर्मेश बघेल, ऋषि चतुर्वेदी सहित अन्य उपस्थित रहे।



# बाबा गुरु घासीदास के मंत्र से समाज संगठितः अटल

**करगीरोड कोटा।** कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने गुरु घासीदास जयंती के अवसर परअपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अमने लोकबन्द खैरझिति, शांतिपुर और कोटा नगर के सतनाम भवन में पूजा पाठ कर बाबा को स्मरण किया और जैत खम्भ पर बाबा का झंडा लहराने और फहराने का कार्य किया। विधायक श्रीवास्तव का पहला आगमन इन गांव में था, सभी ग्रामों में जयंती के साथ उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि आज की परिस्थितियां, जो इस देश में है, धर्म से धर्म और समाज और जाति में लोग बंटे हुए हैं। अगर समाज को संगठित रखना है तो गुरु घासीदास बाबा का वह मंत्र विशेष कर तीन मंत्र जो उन्होंने कहा था मनखे मनखे एक समान सत्य और अहिंसा इनको अपनाने की आवश्यकता है और इससे समाज संगठित रह सकता है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आदित्य दीक्षित, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अरुण त्रिवेदी, मंडी बोर्ड सदस्य कुलवंत सिंह, संतोष बघेल, प्रदीप परमार, अली बाबा कश्यप, अरुण त्रिवेदी, जूनियर राजू, सिद्धार्थ, फूलचंद अग्रहरि, प्रशांत अग्रहरि, भोला नवरंग, मेरीजी, फागुराम पटले, दिलहरण श्रीवास, संतोष मिश्रा आदि मौजूद थे।



# देश की 26 खदानों के लिए कल लगेगी बोली, प्रदेश की 8 खदानें शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला मंत्रालय द्वारा देश की 26 कोयला खदानों के लिए कल नीलामी करने जा रहा है। इन खदानों में छग की 8 कोयला खदानें शामिल हैं। वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी के 9वें दौर के शुभारंभ के साथ एक और महत्वपूर्ण कदम उठाने के लिए तैयार है। केंद्रीय रेलवे, कोयला और खान राज्य मंत्री रावसाहेब पाटिल दानवे इस अवसर पर सम्मानित अतिथि होंगे।

वर्ष 2014 के बाद से कोयला क्षेत्र में, मंत्रालय के सुधारों और उपलब्धियों ने घरेलू कोयला उत्पादन बढ़ाने, आयात निर्भरता को कम करने और देश को कोयला क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। आगामी 9वें दौर की वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी, पिछली सफल नीलामियों के मद्देनजर, मंत्रालय की इस क्षेत्र को आगे बढाने की उसकी इस क्षेत्र के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। आगामी दौर में कुल 26 कोयला खदानों की पेशकश की जाएगी, जिसमें सीएम (एसपी) अधिनियम 2015 के तहत 3 खदानें और एमएमडीआर अधिनियम 1957 के तहत 23 खदानें शामिल हैं। इनमें से 7 कोयला खदानों की पूरी तरह से पहचान कर ली गई हैं, जबकि 19 खदानों को आंशिक रूप से पहचाना गया है। इसके अतिरिक्त, वाणिज्यिक कोयले के सातवें दौर के दूसरे प्रयास के तहत, 5 कोयला खदानों की पेशकश की जा रही है, जिसमें चार सीएमएसपी कोयला खदान और एक एमएमडीआर कोयला खदानें शामिल हैं। इनमें से चार पूरी तरह से पहचान ली गई हैं और एक खदान को आंशिक रूप से पहचाना गया है। पिछली वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी के विपरीत, कोयले की बिक्री या उपयोग पर कोई प्रतिबंध नहीं है। विशेष रूप से, भागीदारी के लिए किसी भी तकनीकी या वित्तीय बाधाओं को दूर करते हुए पात्रता मानदंड को समाप्त कर दिया गया है।

**इन खदानों की होगी नीलामी**

| | |
|---|---|
| छत्तीसगढ | 8 |
| झारखंड | 5 |
| मध्य प्रदेश | 12 |
| तेलंगाना | 1 |

# आनंद मेले में बिखरा चौसेला, देहरौरी, फरा का स्वाद

**लगरा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय पन्धी में संकुल स्तरीय आनंद मेला का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार के छत्तीसगढ़ी व्यंजनों और आधुनिक व्यंजनों का स्टॉल लगाकर दुकानदारी कर व्यंजन परोसा।

बच्चों ने विभिन्न प्रकार के छत्तीसगढ़ी व्यंजन जैसे ठेठरी, खुरमी, चौसेला, देहरोरी, अनरसा, बोबरा, चीला, फरा, बड़ा, भजिया, आलुगुण्डा, गुपचुप आदि बच्चों के द्वारा बनाने के साथ ही आधुनिक व्यंजनों में चाऊमीन, मंचूरियन, पेस्ट्री, भेल, दही बड़ा और भी विभिन्न प्रकार के व्यंजन स्टॉल में लगाए। आनंद मेला में चारपारा प्राथमिक शाला, देवी प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला, खजूरी प्राथमिक शाला, पन्धी प्राथमिक शाला, कौड़िया प्राथमिक शाला देवरी, मिडिल पंधी, मिडिल देवरी, हायर सेकंडरी पंधी के विद्यार्थियों ने अपनी पाक कला का प्रदर्शन किया। प्राचार्य संजय शर्मा सहित सभी शिक्षकों, पूर्व छात्र व गांव के नागरिकों एवं विद्यार्थियों ने बच्चों द्वारा बनाए गए व्यंजनों का आनंद लिया। आनंद मेला में प्राचार्य संजय शर्मा, व्याख्याता हेमलता वर्मा, रोमा सरकार, शुभश्री साहू, माधुरी कौशिक, हेमंत शर्मा, केशनी साहू, तीषु शुक्ला, मधु मनहर, प्रीति पाण्डेय, सुरेश टाइगर, एवं प्रयोगशाला सहायक मनोज गुरुदीवान, ओम प्रकाश दुबे, धर्मेन्द्र गौरहा संकुल समन्वयक, राजेश पाटनवार प्रधान पाठक चारपारा पन्धी, चंद्रकांत तिवारी प्रधान पाठक पूमाशा देवरी, प्रेमी लकड़ा प्रधानपाठक खजुरी, चंद्रकला श्रीवास प्रधान पाठक प्राथमिक शाला पंधी, कृष्ण कुमार रात्रे प्रधान पाठक प्राथमिक शाला देवरी, सिंधु खरे प्रधान पाठक प्राथमिक शाला बंधवापारा कौड़िया, चानी ऐरी, विजया कुर्रे, सावित्री सेन, कल्पना सिंह, उषा उपाध्याय, कल्पना सिंह, मनोज सिदार, अनिरुद्ध पटनवार, ज्ञानचंद पांडे उपस्थित थे।



## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार श्री अविनाश कुमार पाण्डेय पिता श्री दिनेश्वर पाण्डेय निवासी- रेलवे पम्प हाउस के पास, हाउस नं. 480, तोरवा, बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) से अधिकृत एवं निर्देशित होकर निम्न आशय का आम सूचना प्रकाशन कराता हूँ कि मेरे उपरोक्त पक्षकार ने मौजा देवरीखुर्द प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. सिरगिट्टी तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर 169 / 3 में से रकबा 940 वर्गफीट भूमि जो कि राजस्व अभिलेखों में श्रीमती शोभा रानी पति हरिशंकर बरई निवासी- देवरीखुर्द, बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) के नाम पर स्थित है, जिसे मेरे पक्षकार श्री अविनाश कुमार पाण्डेय पिता श्री दिनेश्वर पाण्डेय निवासी- रेलवे पम्प हाउस के पास, हाउस नं. 480, बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा क्रय करने का सौदा कर बतौर एडवांस राशि प्रदान कर दिया गया है, जिसका निकट भविष्य में विक्रय पंजीयन होना हैं, अतः उक्त भूमि के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक या अन्य को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर दर्ज करावें, बाद की आपत्ति विधि मान्य नहीं होगी।

सो आम सूचना जाने ।

बिलासपुर, दिनांकः 18/12/2023

**भवदीय**
**(संतोष वस्त्रकार) अधिवक्ता / नोटरी)**
**पुराना पावर हाउस डॉ. बेनर्जी क्लीनिक के पास, बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 9302518147**

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

# सेंट्रल यूनिवर्सिटी विस्तार के लिए सरकार करेगी प्रयास : साय

**सीएम साय ने कहा - गुरू घासीदास बाबा का सामाजिक समरसता व समानता का संदेश आज के समय में अधिक सार्थक, ब्लड डोनेशन कैंप का किया शुभारंभ**



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को स्मृति चिन्ह देते सीयू के कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल।



प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते सीएम साय।

**बिलासपुर।** गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित गुरु घासीदास की जयंती समारोह एवं कुल उत्सव में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बाबा जी का सामाजिक समरसता एवं समानता का संदेश आज अधिक प्रासंगिक एवं सार्थक है। उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास के नाम पर ये अकेली सेंट्रल यूनिवर्सिटी है, जिसके विस्तार के लिए हमारी सरकार का जितना हो सकें अच्छा से अच्छा प्रयास करेगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बाबा गुरू घासीदास बाबा के उपदेश का असर है कि छत्तीसगढ़ में सामाजिक समरसता बनी हुई है और उनके बताए रास्ते पर चलकर छत्तीसगढ़ सरकार सामाजिक समरसता को और समृद्ध करने का प्रयास करेगी। उन्होंने बाबा गुरू घासीदास जयंती की शुभकामनाएं दी और जयंती समारोह आयोजित करने यूनिवर्सिटी प्रबंधन को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद शैक्षणिक संस्थाओं के अंतर्गत सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पहला कार्यक्रम बना है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 18 वीं सदी में देश में सामाजिक भेदभाव एवं छुआछूत की भावना चरम पर थी और समाज में ऊंच-नीच की भावना गहराई लिए थी। ऐसी हालात में बाबा जी का अवतरण हुआ और उन्होंने मनखे-मनखे एक समान का उपदेश देकर सामाजिक समरसता का सूत्रपात किया। हमें गर्व है कि बाबा घासीदास के नाम पर पूरे देश का एकमात्र यूनिवर्सिटी है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बाबा के आशीर्वाद एवं जनता के सहयोग से छत्तीसगढ़ को और समृद्ध राज्य बनाएंगे। प्रकृति ने छत्तीसगढ़ की भूमि को उर्वरा बनाया है। खनिज एवं वन संसाधनों की बहुलता है। छत्तीसगढ़ को देश का नंबर वन राज्य बनाने के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों के अन्य प्रकल्पों पर काम के लिए यूनिवर्सिटी की सराहना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सेंट्रल यूनिवर्सिटी के विस्तार के लिए हमारी सरकार अच्छा से अच्छा प्रयास करेगी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर एनएसएस इकाई द्वारा ब्लड डोनेशन कैम्प का शुभारंभ किया। 200 यूनिट ब्लड संकलन का लक्ष्य इस शिविर में रखा गया है। मुख्यमंत्री ने यूनिवर्सिटी में बच्चों के लिए संचालित सस्ते केंटीन की प्रशंसा की। 600 बच्चे इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। समारोह में विशेष अतिथि के रूप में एटीईक्यू इंटरनेशनल के अध्यक्ष डॉ. विलियम पेन्टर सहित बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला उपस्थित रहे।

### उप मुख्यमंत्री शर्मा ने छत्तीसगढ़ी हिन्दी व इंग्लिश में दिया भाषण

गुरू घासीदास बाबा जयंती समारोह को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने छत्तीसगढ़, हिन्दी व इंग्लिश में संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बाबा जी ने अपने संपूर्ण जीवनकाल में सामाजिक समरसता बनाने और विषमता को दूर करने का काम किया। उन्होंने कहा कि उनको सच्ची श्रद्धाजंलि तभी होगी जब हम सब उनके बताए रास्ते पर चलकर समृद्ध छत्तीसगढ़ का निर्माण करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने 18 लाख आवासहीन परिवारों को मकान देने का निर्णय लिया है। ये सब पांच साल से मकान को लेकर काफी परेशान थे। राज्य सरकार ने मकान देने में काफी सहानुभूतिपूर्वक निर्णय लिया है।

### देश आज तरक्की के नए आयाम विकसित कर रहा- चक्रवाल

गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि यूनिवर्सिटी को गर्व है कि मुख्यमंत्री बनने के बाद वे पहले दौरे पर हमारी शैक्षणिक संस्थान में आए। उन्होंने कहा कि मनखे-मनखे एक समान का बाबा जी का संदेश अभूतपूर्व है। उनके संदेशों की भावना को हमारे संविधान में भी शामिल किया गया है, जिसके कारण देश आज तरक्की के नए आयाम विकसित कर रहा है। विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल एटीईक्यू इंटरनेशनल के अध्यक्ष डॉ. विलियम पेन्टर ने भी बाबा जी के जीवन संदेश और यूनिवर्सिटी की उपलब्धियों के बारे में बताया। यूनिवर्सिटी के प्राध्यापक टीआर रात्रे ने बाबा जी के जीवन दर्शन, शिक्षा एवं संदेश पर प्रकाश डाला।



### बाबा ने दिया मनखे-मनखे एक समान का संदेशः शैलेष

बाबा गुरु घासीदास जयंती पर तालापारा, महंत बाड़ा जरहाभाटा मिनी बस्ती, तोरवा, रेलवे क्षेत्र समेत अनेक जगहों पर जैतखभ में पूजा अर्चना की जा रही है। जयंती पर आज सुबह कमला नेहरु छात्रावास से छात्र-छात्राओं ने शोभायात्रा निकाली। जिसका जगह जगह स्वागत किया गया। सत्यम चौक पर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। जिसमें पूर्व विधायक शैलेश पांडे, शहजादी कुरैशी, जावेद मेमन,जुगल गोयल, सीमा धितेश,रामा बघेल, सीताराम जायसवाल, मनीष गढेवाल, अजय यादव, साई भास्कर, हेमंत आंचल, मोनू ठाकुर, जावेद मेमन, मोती थारवानी ने खीर एवं हलवा का प्रसाद वितरण किया तथा आतिशबाजी कर शोभायात्रा का स्वागत किया।

## खबर संक्षेप

### बच्चों को थोड़ा प्यार दीजिए और बदले में खूब खुशियां पाएं



**बिलासपुर।** बच्चों को थोड़ा प्यार दीजिए और बदले में खूब खुशियां पाएं। इस बात को यथार्थ करते हुए क्रिसमस पर्व पर रोटरी क्लब ऑफ़ बिलासपुर क्वींस द्वारा गौरव पथ स्थित वसुन्धरा नगर में रोटरी क्वींस गार्डन में क्रिसमस कार्निवल का आयोजन किया गया। इसमें 200 ज़रूरतमंद बच्चों को आमंत्रित किया गया। कार्निवल में तरह-तरह के स्वादिष्ट एवं बच्चों के मनपसंद व्यंजन जैसे केक, डोनट, पावभाजी, नूडल्स आदि के स्टाल लगाए गए। साथ ही गेम्स के स्टाल का भी बच्चों ने खूब आनंद लिया। छत्तीसगढ़ी गानों पर बच्चे जमकर थिरके। बच्चों की विदाई उन्हें खूबसूरत उपहार देकर की गई। रोटरी क्लब ऑफ़ क्वींस के मेंबर्स ने संता बनकर बच्चों की रंगविहीन ज़िंदगी में रंग भरने का प्रयास किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष आंचल अगीचा, सचिव रचना जैन सिंह, ज्योति गुप्ता, शिल्पी चौधरी, मनीषा जयसवाल, रुचिका कौर, नेहा गोविंदानी, स्वाति श्रीवास्तव, एकता वीरवानी, भावना चोपड़ा, संगीता चोपड़ा, रिंकी उपवेजा, वंदना सिंह, रुक्मणी दीवान का सहयोग रहा।

### पंजाबी समाज ने किया विधायक अमर का सम्मान




**बिलासपुर।** पंजाबी समाज के प्रबुद्ध जनों ने नव निर्वाचित विधायक अमर अग्रवाल के कार्यालय जाकर उन्हें जीत की बधाई दी। श्री अग्रवाल ने पंजाबी समाज के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और पंजाबी समाज के लिए हर संभव सहयोग की बात कही। बधाई देने वालों में पंजाबी समाज गुरुद्वारा दयालबंद के अध्यक्ष नरेंदर पाल सिंह गांधी, पूर्व अध्यक्ष जोगेन्दर सिंह गंभीर, सचिव मनदीप सिंह गंभीर, सुरेंद्र सिंह छाबडा, सुरेंद्र सिंह गुम्बर, गुलशन ऋषि, गुरमीत सिंह अरोरा, तविंदर पाल सिंह अरोरा, चंद्र प्रकाश छाबडा, अमरजीत सिंह ढुआ, बलजीत सिंह गंभीर, अमरजीत सिंह टूटेजा, चरनजीत सिंह गंभीर, डिम्पल उबेजा, राजेंद्र भंडारी, सोनू गांधी, अनिल सलूजा, नरेंदर सिंह सलूजा, भूपेंद्र सिंह गांधी, किरन पाल सिंह चावला, देवेन्दर टूटेजा, बंटी छाबडा, कमल छाबडा, इंदरजीत सिंह सलूजा, प्रीतपाल सिंह भाटिया, प्रवीण खंडूजा, परमजीत सिंह उबेजा, सिमरन अरोरा, हर्षदीप सिंह होरा, श्रीराम गांधी, जसपाल सिंह अजमानी, दिलबाग सिंह छाबडा, प्रीतपाल सिंह गंभीर, सतपाल सिंह, अमन होरा, काकू छाबडा, विनय सलूजा, जगजीत सिंह गंभीर, राजेन्द्र मखीजा, राजेंद्र सिंह मठारू आदि उपस्थित रहे।

### वंदे मातरम मित्र मंडल ने किया विधायक सुशांत का सम्मान




**बिलासपुर।** नव निर्वाचित बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला का वंदे मातरम् मित्र मंडल ने क्रिस्टल विला गार्डन मोपका में सम्मान समारोह आयोजित किया। मंडल के सदस्यों ने श्री शुक्ला का पुष्प व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। समारोह में मुख्य अथिति विधायक श्री शुक्ला ने कहा कि मैं अपना स्वागत कराने नहीं आया हूं अपितु आप सभी का आभार प्रकट करने आया हूं। मेरी पूरी कोशिश रहेगी आपकी अपेक्षाओं पर खरा उतरूं। उन्होंने कहा कि बेलतरा क्षेत्र की 165 कॉलोनियों में कई समस्याएं हैं, उन सभी को हल करने का प्रयास किया जाएगा। रवि हाइट्स के मंदिर निर्माण में जो बाधाएं हैं, उन्हें शीघ्र दूर किया जाएगा एवं मंदिर का निर्माण पूरा किया जाएगा। श्री शुक्ला ने आग्रह किया कि सभी 165 कॉलोनी से हमें एक प्रतिनिधि दें जो कॉलोनी की समस्यायों से हमें अवगत करा सके। वंदे मातरम् मित्र मंडल के कार्य विस्तार के लिए संयोजक महेन्द्र जैन ने सुनीता दीक्षित को महिला विभाग का प्रमुख एवं कल्पना गुप्ता को सह विभाग प्रमुख घोषित किया। बैठक में जिसमें उदय शंकर, अशोक दीक्षित, राम आशीष द्विवेदी, असीम मिश्रा, राजेश जायसवाल, सुमित अवस्थी, गौ करण साहू, प्रकाश सिंह, रमेश द्विवेदी, राघवेंद्र शुक्ला, संजय नायक, विजय जैन,आदि ने पुष्पहार एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। मंडल संयोजक महेन्द्र जैन, एस एन तिवारी, अरविंद गर्ग, श्याम जी भाई पटेल, मनहरन लाल वर्मा, शिव कुमार वर्मा, पृथ्वी सहगल ने स्मृति चिन्ह भेंट किया।

### उप मुख्यमंत्री साव ने धन गुरु नानक दरबार में माथा टेक लिया आशीर्वाद



**बिलासपुर।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव का धन गुरु नानक डेरा संत बाबा थाहिरिया सिंग दरबार में पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत, समस्त वार्ड पंचायतों के अध्यक्षों ने बाजे-गाजे के साथ पुष्पहार से भव्य स्वागत किया गया। इससे पूर्व श्री साव दरबार पहुंचे और वहां माथा टेक आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष धनराज आहूजा, पी.एन. बजाज, अर्जुन तीर्थानी, डा. ललित माखीजा, किशोर गेमनानी, उमेश भावनानी आदि मौजूद थे।

## निधन



### सावित्री सिंह ठाकुर

**बिलासपुर।** दीनदयाल कॉलोनी, मंगला निवासी सावित्री सिंह ठाकुर का सोमवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को सरकंडा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. सुरेश सिंह ठाकुर की पत्नी, लोचन सिंह, लोकेंद्र सिंह और रुपेंद्र सिंह ठाकुर की मां थीं।

### साइंस कॉलेज मैदान सरकंडा में हो रहे आयोजन की धूम

# व्यंजनों की खुशबू से सराबोर रहा स्वदेशी मेला

**बिलासपुर।** साईंस कॉलेज मैदान सरकंडा में चल रहे स्वदेशी मेले में चौथे दिन सोमवार को व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें प्रतिभागी महिलाओं ने स्वादिष्ट मीठा व नमकीन व्यंजन बनाकर प्रदर्शित किया। निर्णायक सहित अन्य लोगों ने इन लजीज व्यंजनों का स्वाद चखा एवं उनके पाक कला की सराहना की।

कार्यक्रम का आरंभ कार्यालय में स्थापित अंजनी पुत्र हनुमान की पूजा-अर्चना कर किया गया। इसके बाद प्रतियोगिता प्रभारियों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने अपने डिश को आकर्षक डेकोरेशन के साथ टेबल में रखा। व्यंजन स्पर्धा का प्रमुख आकर्षण मटर, पनीर, गोभी युक्त छत्तीसगढ़ी व्यंजन फरा रहा। गोबर के दीये, फूलकांस के चरू, धान, फूल, पतरी से डेकोरेशन भी देखने लायक रहा। इसका निर्णायक नीता केशरवानी, अंजना वर्मा मीठा, बी. शारदा देवी, पिंकी बतरा नमकीन ने अवलोकन कर उसका स्वाद भी चखे। फिर स्वाद, डेकोरेशन, पारंपरिक महत्व के अनुसार विजेता प्रतिभागियों का चयन किए। विजेताओं की घोषणा बाद में की जाएगी। इस आयोजन को सफल बनाने में अरूणा दीक्षित, नीता श्रीवास्तव, किरण मेहता, स्नेहलता शर्मा, संध्या सिंह, दीपा शर्मा, मीना गोस्वामी, शोभा कश्यप, अन्नपूर्णा तिवारी, संज्ञा टंडन सहित अन्य सदस्यों का सहयोग रहा। मेले का सुरेंद्र गुंबर, किशोर पंजवानी ने भी अवलोकन किया।



### समूह नृत्य से बिखरी सांस्कृतिक छटा

रात्रि में समूह नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें इंटर स्कूल एवं महाविद्यालय के 35 ग्रुप ने भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक तुषार पानसे ने बताया कि प्रतिभागियों ने पारंपरिक वेश में क्लासिकल, सेमी क्लासिकल, पारंपरिक लोक नृत्य, भारतीय संस्कृति से प्रेरित नृत्य पेश कर सांस्कृतिक छटा बिखेरी। निर्णायक की भूमिका में मंजरी शास्त्री, योशा शर्मा रहीं। कार्यक्रम का संचालन युगल शर्मा ने किया। इस मौके पर सुशील श्रीवास्तव, सुब्रत चाकी, जीआर जगत, रिंकू मित्रा, अंकिता, तुषार सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

### हर शुभ काम में बनता है पुरनालू

प्रतिभागी ललिता राव आंध्रप्रदेश की खास व्यंजन पुरनालू लेकर प्रतियोगिता में भाग लीं। इन्होंने बताया कि यह साऊथ का पारंपरिक डिश है और इसे वहां के प्रत्येक पर्व, त्यौहार, शादी सहित हर शुभ कार्य के समय बनाया जाता है। इसका स्वाद भी लाजवाब रहता है, इसलिए लोग इसे खाना भी पसंद करते हैं।

### इष्टदेव को चढ़ाते हैं हलवा

रीना गगवानी चना दाल का हलवा बनाई थीं। उन्होंने बताया कि वैसे तो यह गेहूं आटा से बनता है पर वह इसका स्वाद बढ़ाने चना दाल व गेहूं आटा मिक्स कर बनाई है। इसे घी, रोस्टेज काजू, बादाम, शक्कर से बनाया गया है। इस डिश की खास बात यह है कि इस हलवे को अपने इष्टदेव में भी चढ़ाते हैं।

### पकवान बनाने का है शौक

हेमूनगर की नेहा डोडेजा ने अपने चना दाल की बर्फी को सब्जियों से फूल, गुलदस्ता बनाकर एवं कैंडल से आकर्षक ढंग से डेकोरेट किया था। उन्होंने बताया कि उसे अलग-अलग वैरायटीज के पकवान बनाने का बड़ा शौक है। जब लोग खाकर उसका टेस्ट बताते हैं तो पता चलता है कि हम इसे कैसे और अच्छा बना सकते हैं।

### खिलाने में आता है मजा

देवनंदन नगर की लक्ष्मी गुप्ता हरे मटर की कचौड़ी, टमाटर से तैयार सिद्धि विनायक गणेश भगवान, हेमूनगर की पूर्णिमा सरकार घर में तैयार समोसा चटनी, चिंगराजपारा की अनुपमा शर्मा मटर टिक्की चॉट एवं शंकर नगर की मनीषा सरकार मटर कटलेट के साथ प्रतियोगिता में शामिल हुईं। मनीषा ने बताया क उसे कोई चीज बनाकर खिलाने में मजा आता है। उसे इसके पहले स्वदेशी मेले में ही व्यंजन स्पर्धा में द्वितीय स्थान मिल चुका है।

### मेरा बिलासपुर व्यसन मुक्त बिलासपुर चित्र प्रदर्शनी

आज संसार में मनुष्य के खाने पीने के लिए अनेकानेक पदार्थ है। स्वास्थ्य, स्वादिष्ट और संतुलित खाद्य पदार्थों की कमी नहीं है। परंतु फिर भी मनुष्य कुछ ऐसे पदार्थों का सेवन कर लेता है जो उसके शरीर, मस्तिष्क तथा उसकी नैतिकता के लिए हानिकारक है। व्यसन आधुनिक समाज की एक अति ज्वलंत समस्या है। व्यसन से व्यक्ति स्वयं तो मरता ही है पर साथ मित्र संबंधियों के भी के लिए भी कष्ट व दुख का कारण बनता है।



उक्त बातें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन द्वारा स्वदेशी मेला में लगाई गई चित्र प्रदर्शनी मेरा बिलासपुर व्यसन मुक्त बिलासपुर एवं मेरा बिलासपुर दुर्घटना रहित बिलासपुर में सेवाकेन्द्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने कही। दीदी ने कहा कि व्यसन का सबसे प्रमुख कारण मानसिक तनाव है। विभिन्न प्रकार की मानसिक अशांति तथा उथल-पुथल से बचने के लिए लोग नशीली दवाओं का सेवन करने लगते हैं। यह दवाई सेवन करने पर केवल कुछ समय के लिए शांत होने का भ्रम उत्पन्न होता है तथा अंततः जहर से भी अधिक खतरनाक सिद्ध होता है। कई बार अशांत घर का वातावरण व्यक्ति को व्यसन की तरफ ले जाता है।

### छत्तीसगढ़ी व धार्मिक गीतों ने किया सराबोर

साइंस कॉलेज प्रांगण में आयोजित स्वदेशी मेले के चौथे दिन सोमवार को दोपहर में व्यंजन और शाम को सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। महिलाओं के लिए आयोजित व्यंजन प्रतियोगिता में 2 वर्ग थी। मीठा व नमकीन जिसे प्रतियोगियों को घर से बना कर लाना था। इसमे लक्ष्मी गुप्ता, रीना मंडल, नेहा डोडेजा सहित 17 महिला प्रतिभागी शामिल हुई। व्यंजन प्रतियोगिता की जज नीता केसरवानी, मोहिता शर्मा, पिंकी बत्रा, अंजना वर्मा सम्मिलित हुई। व्यंजन प्रतियोगिता स्नेहलता शर्मा, किरण सिंह, आरती, दीपा, संध्या, प्रभा तिवारी, सावित्री, चुन्नी मौर्य ने संचालित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुन्दरलाल शर्मा ववि के कुल सचिव वेणुगोपाल, आईडीबीआई बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अमिताभ बाजपाई अतिथि थे। स्कूल-कॉलेज व डांस अकेडमी के लिए आयोजित समूह नृत्य प्रतियोगिता में 26 समूह ने अपनी प्रस्तुति से शाम के माहौल में जोश भर दिया। समूह नृत्य प्रतियोगिता को जज करने मंजरी शास्त्री, योशा शर्मा देर शाम तक बच्चों के नृत्य देख कर मंत्र मुग्ध होते रहे। मंच संचालन युगल शर्मा, अंकिता, रिंकू मित्रा, तुषार पानसे ने किया। आज के हॉलीवुड मूवी और ओटीटी के दौर में हरमीत छाबड़ा ने रामधारी सिंह दिनकर की कविता रश्मिरथी का काव्यपाठ ने युवाओं में जोश का संचार किया।



## आवास और उज्जवला योजना के लिए आए सबसे अधिक आवेदन



बिलासपुर। भारत सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों एवं योजनाओं को समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाने शुरू किए गए विकसित भारत संकल्प यात्रा से लगातार लोग जुड़ते जा रहे हैं। यात्रा के तहत लगाए जा रहे शिविर में रोजाना हजारों की संख्या में हितग्राही योजनाओं का लाभ पाने पहुंच रहे हैं। यात्रा के तीसरे दिन बिलासपुर में आयोजित पंडित लालबहादुर शास्त्री स्कूल और घोड़ादाना स्कूल में आयोजित शिविर में 6640 लोग शामिल हुए। शिविर में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 322, आयुष्मान कार्ड के लिए 364, आधार कार्ड के लिए 200 प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लिए 553, पीएम आवास के लिए सोमवार को 1575 लोगों ने आवेदन दिया। शिविर में 1481 लोगों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया इसके अलावा अन्य योजनाओं के लिए भी हितग्राही आवेदन देने पहुंचे और स्टालों का भ्रमण किए।

### आत्मानंद स्कूल तारबाहर हेमूनगर में शिविर आज

19 दिसम्बर को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक स्व.शेख गफ्फार आत्मानंद स्कूल तारबाहर और दोपहर 1.30 बजे से शाम 6 बजे तक यादव समाज सामुदायिक भवन हेमूनगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर का आयोजन किया गया है।

## ब्राह्मण वैवाहिक परिचय महासम्मेलन में 38 जोड़ों में बनी सहमति




**बिलासपुर।** ब्राह्मण युवा आयाम द्वारा समस्त ब्राह्मण युवक-युवती वैवाहिक परिचय महासम्मेलन एवं परिवार मिलन समारोह का आयोजन सरकंडा में आयोजित किया गया। सम्मेलन मे अतिथि जिपं सभापति अंकित गौरहा, वरिष्ठ पत्रकार ज्ञान अवस्थी, गौरव तिवारी, शिल्पी तिवारी, अशोक तिवारी थे। ब्राह्मण युवा आयाम के अध्यक्ष ज्योतिन्द्र उपाध्याय ने बताया कि युवक-युवती वैवाहिक परिचय महासम्मेलन का यह छठवाँ वर्ष है। इस वर्ष 38 जोड़ों में सहमति बनी है और 400 से ज्यादा पंजीयन हुआ। हमारे द्वारा प्रदेश स्तरीय आयोजन किया जाता है लेकिन सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के अलावा 12 से 15 राज्य और विदेशों से भी पंजीयन आए, जिससे हमारा कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय स्तर का हो गया है। कार्यक्रम का संचालन सस्मिता शर्मा एवं रविन्द्र उपाध्याय ने किया। इस कार्यक्रम में पं. रविन्द्र उपाध्याय, सत्येन्द्र शर्मा, श्यामलाल दुबे श्यामू, रतिन्द्र उपाध्याय, सौरभ तिवारी,डॉ क्रांति शास्त्री, आयुष दुबे, गौरव शुक्ला, शुभम बाबा पाण्डेय, शिवकुमार तिवारी, शुभम पाठक आदि उपस्थित थे।

# फाउंडेशन प्रीमियर लीग पर एफसीए किंग्स इलेवन का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महाराणा चौक रिंग रोड 2 स्थित फाउंडेशन क्रिकेट अकेडमी में आयोजित एफसीए प्रीमियर लीग का शानदार आयोजन हुआ।

- फाइनल मुकाबले में एफसीए बुल्स को हराया

प्रतियोगिता में चार टीमों एफसीएस बुल्स, एफसीए रॉयल्स, एफसीए किंग्स 11 एवम एफसीए रॉयल्स ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में कुल 17 मुकाबले खेले गए। फाइनल मुकाबला एफसीए किंग्स बनाम एफसीए बुल्स के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर एफसीए बुल्स ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 103 रन बनाए और एफसीए किंग्स के लिए 104 रनों का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरे एफसीए किंग्स11 ने ताबड़तोड़ बैटिंग करते हुए रनों को 11 ओवर में ही पूरा कर लिया और फाइनल मैच को 8 विकटों से जीत लिया। फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच जीशान अहमद रहे। पूरे टूर्नामेंट में अच्छे प्रदर्शन के लिए आरुष सिंह को सीरीज का खिताब दिया गया। इस तरह से एफसीए किंग्स 11 ने एफसीएल प्रीमियर लीग का खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह में अतिथि के रूप में प्रियंक परिहार, रवि त्रिपाठी, पूर्व एल्डरमैन अखिलेश गुप्ता, डॉक्टर आशुतोष खेत्रपाल, पवन वाधवानी, पार्षद मोती गंगवानी, पार्षद लक्ष्मी यादव व सभी टीमों के ऑनर सिटीमैन टेलर के डायरेक्ट जुनैद खान, यश कंस्ट्रक्शन के ऑनर रोडनी सिंह, एमके फोटोग्राफी से मोंटी खाना, एसेट्स इंफ्रा बिल्ड के अर्पित गुप्ता शामिल थे।



एफसीए किंग इलेवन के विजेता खिलाड़ी खिताब के साथ।

### महर्षि विद्या मंदिर में बच्चों को संस्कारवान बनाने पर परिचर्चा, अभिभावक हुए शामिल

**बिलासपुर।** महर्षि विद्या मंदिर में शनिवार को अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच राजेन्द्र नगर में परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा का मुख्य विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार पठन-पाठन जो महषि विद्या मंदिर में शुरू से ही प्रचलित है, इस पर चर्चा की गई। शाला की प्राचार्या सुश्री मौसमी दत्वा एवं अन्य अनुभवी शिक्षिकाओं ने पालकों को बताया कि बच्चों का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब उनके शारीरिक, मानसिक सामाजिक, भावात्मक एवं अध्यात्मिक विकास की बुनियाद मजबूत हो, जिसके लिए महर्षि स्कूल हमेशा तत्पर रहता है, जिससे यहां के विद्यार्थियों के आचार-विचार, व्यव्हार, बड़ों के साथ व्यवहार आदि में स्पष्ट दिखाई देता है। परिचर्चा में बच्चों के अभिभावकों को उनके बच्चों के लिए शाला द्वारा किए जा रहे क्रिया-कलापों एवं गतिविधियों से अवगत कराया गया। अभिभावकों से भी सुझाव देने का अनुरोध किया गया। प्रत्येक स्तर पर चर्चा के पश्चात तीन स्तरों पर अलग-अलग आशा का विकास का स्रोत के बाद भावातीत ध्यान कराया गया।



## खबर संक्षेप

### एलपी और एएलपी ने ट्रेन को बचाया

बिलासपुर। ट्रैक पर गिरे हुए बोल्डर को देखकर असिस्टेंट लोको पायलट ने संबंधित विभाग को सूचना देकर ट्रेन को टकराने और दुर्घटना होने से बचाने का काम किया। इसपर उन्हें संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। संरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित करने हेतु नियमित रूप से संरक्षा से संबन्धित विभिन्न जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विगत दिनों ड्यूटी के दौरान पाइंट्समैन हिमगीर ओमहरि ने हिमगीर स्टेशन से गुजरती मालगाड़ी के एक वैगन में हॉट एक्सल देखा। इसकी सूचना स्टेशन प्रबंधक को देकर गाड़ी को संरक्षित किया। लोको पायलट उसलापुर प्रेमचंद व सहायक लोको पायलट उसलापुर पवन कुमार झा ने मालगाड़ी में ड्यूटी के दौरान भनवारटंक-खोगसरा के मध्य रेल लाइन पर बोल्डर गिरा देखकर गाड़ी को तुरंत रोककर सूचना संबंधित स्टेशन प्रबंधक को देने के बाद गाड़ी का संरक्षित परिचालन कराया। इसी प्रकार ड्यूटी के दौरान लोको पायलट बिलासपुर होम सिंह साहू व सहायक लोको पायलट बिलासपुर धर्मेन्द्र कुमार ने राबर्ट्सन-खरसिया सेक्शन में असामान्य परिस्थिति को भाँपते हुए गाड़ी को नियंत्रित किया। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय ने सभी संरक्षा प्रहरियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक योगेश कुमार देवांगन, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी अनुराग कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

### पार्टी को अनुभव व नई ऊर्जा का लाभ मिलेगा

बिलासपुर। डॉ. चरण दास महंत को छग विधानसभा में विधायक दल का नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किए जाने एवं सांसद दीपक बैज को पुनः प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त करने से छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी को डॉ. महंत के अनुभव तथा दीपक बैज के नई ऊर्जा का लाभ एक साथ मिलेगा। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता अभय नारायण राय ने कहा कि डॉ महंत को संसदीय ज्ञान का अनुभव है। वहीं दीपक बैज 2024 लोकसभा चुनाव के लिए नई टीम और नई ऊर्जा के साथ कांग्रेस जनों को एकजुट कर पुनः मुकाबला करने के लिए तैयार हैं। उनकी नियुक्ति पर कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, जिपं अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान, महापौर रामशरण यादव, प्रमोद नायक, राजेंद्र शुक्ला, संदीप शुक्ला ने हाईकमान का आभार व्यक्त किया।

### सक्ती-झाराड लाइन में दौड़ेगी ट्रेनें

बिलासपुर। रेल मंडल बिलासपुर से ईब स्टेशन के बीच 206 किलोमीटर चौथी लाइन का कार्य किया जा रहा है, जिसमें 9.7 किलोमीटर रेल लाइन और विद्युतीकरण का कार्य सक्ती से झाराडीह स्टेशन के बीच करने के बाद एसइ सर्कल के रेलवे सेफ्टी आयुक्त बीके मिश्रा से ट्रेन चलाने के पहले लाइन का निरीक्षण कराया गया है। श्री मिश्रा रेल लाइन के साथ विद्युतीकरण और इंटरलाकिंग की जांच के लिए निरीक्षण दल के साथ सक्ती स्टेशन पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशन, पैनल रूम तथा यार्ड के संबंध में अफसरों से चर्चा की, जिसके उपरांत चौथी नई लाइन का सक्ती स्टेशन से झाराडीह स्टेशन तक मोटर ट्राली से निरीक्षण किया। उन्होंने पैनल रूम, इंटरलाकिंग, क्रासिंग, पाइंट, ओएचई लाइन, सिग्नलिंग उपकरण के साथ ही परिचालन एवं संरक्षा से जुडे सभी पहलुओं का गहन अध्ययन कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। झाराडीह से सक्ती स्टेशन तक आब्जर्वेशन कार से स्पीड ट्रायल किया गया। ट्रायल और जांच के उपरांत आयुक्त रेल सेफ्टी शाम को वापस हो गए। आयुक्त रेलवे सेफ्टी से अनुमति मिलने के बाद जल्द ही चौथीलाइन पर निर्बाध रूप से सवारी एवं मालगाडियों का परिचालन प्रारम्भ होगा। निरीक्षण दल में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण, मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर प्रवीण पाण्डेय सहित निर्माण विभाग, मंडल तथा मुख्यालय के संबंधित विभागों के अधिकारी भी शामिल थे।

# वर्दीधारी ही बुलेट में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर तोड़ रहे नियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- 11 माह में 700 आम लोगों पर हुई कार्रवाई

एक तरफ ट्रैफिक पुलिस चौक चौराहों पर अभियान चलाकर मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर फर्राटे मारने वाले बुलेट सवार लोगों को पकड़कर साइलेंसर जब्ती और जुर्माना कर रही है। वहीं पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर बुलेट में फर्राटे मारते नजर आ रहे हैं। उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं किया जा रहा है।

ट्रैफिक पुलिस ने विगत 11 माह में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर घूमने वाले 700 लोगों पर कार्रवाई की है। वर्तमान में भी ट्रैफिक पुलिस मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर घूमने वालों पर कार्रवाई कर रही है। मजेदार बात यह है कि पुलिस विभाग में नए भर्ती में आए अधिकांश नव आरक्षक फिल्म सिंघम की तर्ज पर नई बुलेट खरीदकर मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर शान से थाने आ रहे हैं और उसी बुलेट से क्षेत्र में घूम भी रहे हैं। अब सवाल यह उठता है, वर्दीधारी पुलिसकर्मियों पर कौन कार्रवाई करेंगी।





### कीमती वाहन में घूम रहे

पुलिस विभाग में नौकरी के बाद कीमती जमीन, मकान, गाड़ी खरीदने के लिए पुलिसकर्मिों को नियमानुसार एसपी से परमिशन लेने का नियम है। किन्तु शहर-ग्रामीण क्षेत्र के थानों में पदस्थ टीआई से लेकर आरक्षक तक कीमती गाड़ी टाटा सफारी, वेन्यू, थार, क्रेटा, ब्रेजा जैसे वाहन खरीदकर शान से थाना आना जाना कर रहे हैं।

### पुलिसकर्मियों पर भी होगी कार्रवाई

पुलिसकर्मियों के द्वारा मॉडिफाइड साइलेंस लगाकर बुलेट में घूमने की जानकारी मिली है। थानेदारों को पुलिसकर्मियों की गाड़ियों से मॉडिफाइड साइलेंसर निकालकर कार्रवाई करने पत्र लिखा जाएगा। उसके बाद मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर शहर में घूमते पाए जाने पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

-संजय साहू, ट्रैफिक डीएसपी

## स्मार्ट सिटी : केन्द्र सरकार ने दी जून 2024 तक की मोहलत

# 6 महीने में पूरे करने होंगे स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के सारे अधूरे काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- पहले मिल चुका एक वर्ष का अतिरिक्त समय

स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट में काम करने वाले इंजीनियरिंग व कांट्रेक्टर के लिए एक तरह से अलर्ट की घंटी बज चुकी है और उन्हें 6 महीने के भीतर स्मार्ट सिटी के सारे काम पूरे करने होंगे। वर्ष 2023 समाप्त हो रहा है और केन्द्र सरकार ने स्मार्ट सिटी के काम को पूरा करने जून 2024 तक की मोहलत दी है।

स्मार्ट सिटी तहत चल रहे सारे प्रोजेक्ट और कार्यों के लिए केन्द्र सरकार ने पहले ही एक वर्ष का अतिरिक्त समय दिया है और स्मार्ट सिटी के जिन कामों को जून 2023 में पूरा कर लेना था, उन्हें अब जून 2024 तक हर हाल में पूरा करना होगा। वर्तमान में स्मार्ट सिटी अंतर्गत जितने भी प्रोजेक्ट स्वीकृत हुए थे, वे सारे शुरू हो चुके हैं और रनिंग स्थिति में हैं। कुछ काम दिसंबर माह के अंत तक पूरा होने की संभावना थी, किन्तु ऐसा लग रहा है वे काम भी नए साल में ही पूर्ण हो पाएंगे।

स्मार्ट सिटी के लिए बिलासपुर शहर का चयन वर्ष 2017 में हुआ था। शहर में वर्ष 2018 में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत यहां निर्माण कार्य शुरू हुआ। पहले विकास भवन के ऊपरी मंजिल में स्मार्ट सिटी का नया आफिस बना, उसके बाद व्यापार विहार व मिट्टी तेल गली रोड को स्मार्ट रोड बनाने का काम शुरू हुआ। इसके अलावा व्यापार विहार में प्लेनेटोरियम का निर्माण कराया गया। इस तरह शुरूआत में स्मार्ट सिटी के कोई ज्यादा प्रोजेक्ट चालू नहीं हो पाए थे। बाद में स्मार्ट सिटी अंतर्गत 103 विभिन्न कार्य स्वीकृत हुए। स्मार्ट सिटी पहले पांच वर्ष के लिए था, जिसकी मियाद 30 जून 2023 तक थी। लेकिन केन्द्रीय शहरी एवं आवासन मंत्रालय ने स्मार्ट सिटी योजना को 30 जून 2024 तक बढ़ाया है और इस मोहलत को खत्म होने में अब केवल 6 माह का समय बच गया है। इसलिए स्मार्ट सिटी के सारे कामों में तेजी लानी पड़ेगी तभी समय पर प्रोजेक्ट पूरा हो पाएगा।




बिलासा गर्ल्स डिग्री कॉलेज में पिंक स्टेडियम बनाने का काम तेजी से चल रहा।



कोनी में कन्वेंशन सेंटर का हो रहा निर्माण।



मुंगेलीनाका संजय तरण पुष्कर के पास बनाया जा रहा स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स।



रिवर व्यू स्मार्ट रोड को इंदिरा सेतु से जोड़ने का काम अंतिम चरण में।

### स्मार्ट सिटी के इन कार्यों को पूरा करना चुनौती

- स्मार्ट सिटी तहत अरपा प्रोजेक्ट के तहत नदी के दोनों किनारे रिवर व्यू सड़क का निर्माण का काफी काम बचा हुआ है। इसकी लागत पहले 94 करोड़ रुपए थी जो अब बढ़कर लगभग 140 करोड़ पहुंच गई है।
- शहर के जतिया तालाब में 79 लाख रुपए की लागत से एचटीपी रिचार्जिंग सिस्टम का काम चल रहा है।
- बिलासा गर्ल्स डिग्री कॉलेज के ग्राउंड में 3.78 करोड़ रुपए की लागत से पिंक स्टेडियम बनाने का काम चल रहा है।
- मुंगेलीनाका संजय तरण पुष्कर के पास 10.28 करोड़ रुपए की लागत से स्पोर्ट्स काम्पलेक्स बनाया जा रहा है।
- गवर्नमेंट मल्टीपरपस स्कूल ग्राउंड में स्पोटर्स काम्पलेक्स मिनी स्टेडियम का काम चल रहा है।
- कोनी में 20 करोड़ रुपए की लागत से कन्वेंशन सेंटर बनाया जा रहा है।
- सिटी कोतवाली व बस स्टैंड के पास मल्टीलेवल कार पार्किंग तथा कोनी से बिलासा ताल तक नाला निर्माण एवं एचटीपी का काम चल रहा है।

### आधे से ज्यादा काम पूरा होने का दावा

स्मार्ट सिटी की ओर से स्वीकृत कार्यों में से आधे से ज्यादा काम पूरा हो जाने का दावा किया जा रहा है और यह भी कहा जा रहा है कि जो प्रोजेक्ट चल रहे हैं वे भी समय से पहले पूरा कर लिए जाएंगे। शहर में चल रहे स्मार्ट सिटी के तहत कार्यों में इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर 'आईटीएमएस' और कलेक्टोरेट मल्टीलेवल कार पार्किंग बन गया है और शुरू भी हो गया है। इससे पूर्व प्लेनेटोरियम, स्मार्ट सड़क व्यापार विहार रोड एवं मिट्टी तेल गली, डिजिटल लाइब्रेरी और शहर के उद्यानों का पुनर्विकास कार्य के तहत कोन्हेर गार्डन, राजेन्द्रनगर बाल उद्यान का विकास किया गया है। शहर के तीन चौराहों पर शेड के साथ सोलर पैनल लगाया गया है।

### 4 सौ 92 करोड़ के काम प्रगति पर

स्मार्ट सिटी तहत बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 4 सौ 92 करोड़ 36 लाख का काम चल रहा है। इनमें प्रमुख रूप से अरपा प्रोजेक्ट रिवर व्यू रोड, अरपा नदी में नाला और एसटीपी, स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, मल्टीपरपज स्कूल में स्टेडियम, गर्ल्स डिग्री कालेज में पिंक स्टेडियम, सिटी कोतवाली, पुराना बस स्टैंड और शनिचरी में मल्टीलेवल कार पार्किंग, विभिन्न स्थानों में सोलर एनर्जी, शहर के अलग-अलग मार्गों में दिव्यांग फ्रेंडली फुटपाथ और स्टार्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम, कोनी में कन्वेंशन सेंटर, सिटी हेल्थ और मेडिकेयर कांप्लेक्स, तालाबों का उन्नयन आदि कार्य चल रहे हैं।

### मई 2024 तक काम पूरा करने का टारगेट

स्मार्ट सिटी तहत चल रहे प्रोजेक्टस, कार्यों को पूरा करने मई 2024 तक टारगेट रखा गया है। इसमें कोनी में बन रहे कन्वेंशन सेंटर, रिवर फ्रंट, मिनीमाता तालाब जैसे तीन-चार बड़े प्रोजेक्ट में थोड़ा समय लगेगा। तीन स्टेडियम बनाने का जो काम है, उसमें स्ट्रक्चर कार्य पूर्ण हो गया है और इंटीरियर का काम चल रहा है। मल्टीलेवल पार्किंग एवं कोनी व मंगला में एचटीपी का काम तेजी से चल रहा है। स्मार्ट सिटी के कुछ कार्यों को दिसंबर अंत या नए साल में जनवरी तक पूर्ण कराने का प्रयास चल रहा है। अभी फुल वर्किंग सीजन है इसलिए तेजी से काम होगा। कांट्रेक्टर समय पर काम नहीं करेगा तो पेनाल्टी की जाएगी।

-कुणाल दुदावत, एमडी स्मार्ट सिटी, कमिश्नर नगर निगम

## सरकण्डा राजकिशोर नगर शनि मंदिर की घटना


# नशे में धुत दो भाइयों ने मंदिर परिसर में जमकर मचाया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- मारपीट कर दुकानों की तोड़फोड़
- पीड़ितों से शिकायत लेकर थाने से किया चलता

नशे में धुत दो भाईयों ने शनि मंदिर परिसर में घुसकर जमकर हंगामा मचाते हुए पूजा सामग्री दुकान में तोड़फोड कर दी। वहीं पूजा सामग्री बेचने महिला, बच्चे, भिक्षुक व आटो वालों के साथ मारपीट की गई है। पीड़ितों के द्वारा मामले की शिकायत थाने में की गई है।

राजकिशोर नगर स्थित शनि मंदिर के सामने पूजा सामाग्री बेचने वाले सुन्दर धूरी ने आरोप लगाया है शनिवार की रात 9.30 बजे राजकिशोर नगर चंदन आवास निवासी दो भाई टोन्चा सिंह, राहुल सिंह नशे में उनकी दुकान के पास आकर गुंडागर्दी करते हुए दुकान में बैठी उसकी मां रामकुंवर धूरी व भिक्षुक महिलाओं से मारपीट करने लगे। महिलाओं ने भागते हुए आटो वालों को सूचना दी। आटो वाले बीच बचाव करने आए तो दोनों भाईयों ने उनके साथ भी मारपीट कर आटो की चाबी लूटकर रख लिया। दोनों भाईयों को उग्र देखकर आटो वाले व महिलाएं भाग निकलीं। कुछ देर बात दोनों भाई लाठी लेकर आए और दुकान में जमकर तोड़फोड़ कर सामान सड़क पर फेंक दिया। उसके बाद मंदिर परिसर में दोनों भाई घुसकर गाली गलौज कर हंगामा मचाने लगे। सुंदर धूरी ने बताया, उसका 10 साल का बेटा सुमीत धूरी मंदिर में टोकनी लेने गया उसके साथ भी जमकर मारपीट कीगई है, जिससे मंदिर परिसर में भगदड़ मच गई। आनन फानन में पूजा करने आए दर्शनार्थी भागने लगे। कुछ लोगों के द्वारा दोनों भाईयों के गुंडागर्दी की मोबाइल में वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल किया गया है।



सोशल मीडिया में वायरल हो रहा सीसीटीवी का फुटेज।

### नहीं लिखी गई रिपोर्ट

रात में पीड़ित घटना की रिपोर्ट लिखाने सरकण्डा थाने गए थे। थाने में उपस्थित पुलिसकर्मी के द्वारा उनके साथ हुई गुंडागर्दी की तत्काल रिपोर्ट लिखने के बजाए लिखित शिकायत लेकर चलता कर दिया है। मजेदारबात यह है कि खुलेआम मंदिर परिसर में गुंडागर्दी करने वाले बदमाशों के खिलाफ एफआईआर नहीं लिखी गई है।

### बदमाशों पर कार्रवाई की जाएगी

दो भाईयों के द्वारा शनि मंदिर परिसर व बाहर में लोगों से मारपीट, दुकान में तोड़फोड़ करने की पीड़ित चंपा राजपूत के द्वारा लिखित शिकायत की गई है। बदमाशों की तलाश की जा रही है, उनके खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

-जेपी गुप्ता, सरकण्डा टीआई

# ड्राईडे में बेचने के लिए शराब लेकर जा रहा स्कूटी सवार युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात ड्राईडे में बेचने के लिए शराब लेकर जा रहे स्कूटी सवार युवक को पुलिस ने पकड़ लिया है। उसके पास से 11 बाटल अंग्रेजी शराब व 5 बाटल बीयर बरामद किया गया है। पुलिस ने शराब के साथ स्कूटी जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

रविवार की रात सिविल लाइन टीआई प्रदीप आर्या को मुखबिर से सूचना मिली कि 18 दिसंबर ड्राई डे में एक युवक इलेक्ट्रिक स्कूटी में बेचने के लिए भारी मात्रा में अवैध शराब लेकर जा रहा है। श्री आर्या ने स्टाफ के साथ इमलीपारा रोड पर घेराबंदी कर स्कूटी सवार सरकण्डा बंगालीपारा गली नम्बर 4 निवासी आयुष शर्मा पिता शत्रुहन शर्मा 28 साल को पकड़ लिया। उसके पास मिले पीले रंग की थैली की तलाशी लेने पर 11 बॉटल अंग्रेजी शराब और 5 बाटल बीयर बरामद किया गया है। पूछताछ में युवक गोलमोल जवाब दे रहा था। पुलिस ने आबकारी एक्ट की धारा 34,2 / 59 ख के तहत शराब सहित स्कूटी क्रमांक सीजी 10 बीक्यू, 6570 जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।



शराब के साथ गिरफ्तार आरोपी।

### मां-बेटे ने लोहे के रॉड से युवक का सिर फोड़ा

बिलासपुर। बीती रात पुरानी रंजिश में मां बेटे ने युवक के साथ मारपीट करते हुए लोहे के राड से हमला कर सिर फोड़ दिया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, तालापारा निवासी वाहिद खान पिता आयुब खान 17 दिसंबर की रात 10.45 बजे बुधवारी बाजार से काम करके घर लौट रहे थे। तालापारा मरीमाई मंदिर के पास राजा श्रीवास उसकी मां खड़े थे। उसे देखकर पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करने लगे। उन्होंने गाली देने से मना किया तो मां बेटे एक राय होकर उसके साथ मारपीट करने लगे। इसी दौरान राजा श्रीवास ने लोहे के राड से हमलाकर वाहिद खान का सिर फोड़ दिया है। पुलिस ने वाहिद की रिपोर्ट पर मां बेटे के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### इंदौर तक नहीं चलेगी नर्मदा एक्सप्रेस 29 तक

बिलासपुर। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के बरलई-मांगलिया गाँव-लक्ष्मीबाई नगर सेक्शन में दोहरीलाइन कनेक्टिविटी का कार्य किया जा रहा है। इसके फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ी संख्या 18234/18233 बिलासपुर-इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस का परिचालन प्रभावित रहेगा। 29 दिसम्बर तक बिलासपुर से चलने वाली 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस उज्जैन स्टेशन में समाप्त होगी तथा उज्जैन-इंदौर के मध्य रद्द रहेगी।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

## सड़क से 10 ठेले जब्त किए गए

# कोनी मार्ग पर चला नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम अतिक्रमण शाखा टीम द्वारा सोमवार को कोनी मार्ग पर सड़क से अतिक्रमण हटाने अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण शाखा की टीम द्वारा यातायात में बाधा पहुंचाने वाले सड़क से 10 ठेलों को जब्त किया गया है। निगम की कार्रवाई को लेकर कोनी मार्ग पर ठेले वालों में अफरा तफरी मची रही।

प्रदेश के नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आज गुरू घासीदास यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम में आगमन के मद्देनजर नगर निगम का अमला कोनी पर सक्रिय रहा। हालांकि मुख्यमंत्री हेलीकाप्टर से सीधे यूनिवर्सिटी स्थित हेलीपैड पर उतरे और वहीं से रवाना भी हो गए, लेकिन इस मार्ग से वीआईपी मूवमेंट को देखते हुए निगम का अतिक्रमण शाखा अमला ने आज सुबह से कोनी मार्ग पर यातायात को बाधित करने वाले ठेलों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया था। निगम की अतिक्रमण शाखा टीम द्वारा कोनी मार्ग में सड़क पर दिखने वाले ठेलों की जब्ती बनाने की कार्रवाई की गई, जिससे इस मार्ग के ठेले वालों में आज अफरा तफरी मची रही। निगम की टीम ने सड़क से करीब 10 ठेलों को जब्त किया है। इसके एक दिन पहले निगम की टीम ने मंगला क्षेत्र में सड़क पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी और वहां पर ठेले वालों को हटवाए गए थे तथा कुछ ठेले जब्त किए गए थे। अतिक्रमण शाखा की टीम बीच-बीच में निगम सीमा क्षेत्र में सड़क से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाती है। इसी के तहत निगम की टीम और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अभियान चलाया गया था और श्रीकांत वर्मा मार्ग, व्यापार विहार आदि जगहों पर कार्रवाई की गई थी। सड़क पर खड़ी कर सेकंड हेंड कार व दोपहिया वाहन बेचने वालों पर भी कार्रवाई करते हुए कार, मोटरसायकल जब्त किया गया था।





सोमवार को कोनी मार्ग पर अतिक्रमण कर सड़क पर लगाए गए ठेलों को हटाता नगर निगम का अमला।



18 -DEC-REGNOL-Pg-3_Layout 1 12/18/2023 11:55 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### फाइटो केमेस्ट्री में शोध के लिए श्रद्धा को मिली पीएचडी की उपाधि



**करगीरोड कोटा।** अटल बिहारी बाजपेई विश्वविद्यालय से श्रद्धा तिवारी पांडे पति योगेश पांडे को रसायन शास्त्र के फाइटो केमेस्ट्री में शोध के लिए पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया है। इन्होंने शोध कार्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर से किया। श्रद्धा शुरू से मेघावी छात्रा रही हैं उनकी शिक्षा कोटा में सम्पन्न हुई हैं। उन्होंने अपना शोध कार्य कॉलेज के डाक्टर किरण बाजपेयी के निर्देशन में पूरा किया। श्रद्धा नगर के प्रतिष्ठित नागरिक सतीश सरोज तिवारी की पुत्री हैं।

### खड़े पिकअप में शरारती तत्वों ने लगाई आग

**मुंगेली।** कोठार में खड़ी पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 09 बी 1249 में आधी रात शरारती तत्वों ने आग लगा दी। वाहन मालिक गाड़ी का सामान लाने बिलासपुर गया हुआ था। घटना की जानकारी मिलने पर दूसरे दिन सिटी कोतवाली में वाहन में आगजनी की रिपोर्ट लिखाई। पुलिस के अनुसार ग्राम सोनपुरी निवासी सरजू साहू पिता बसंत साहू 17 दिसम्बर को अपने पिकअप सामान के लिए बिलासपुर गया हुआ था। रात में करीब 1 बजे सूचना मिली कि पिकअप क्रमांक सीजी 09 बी 1249 को आग लगा दी गई है। वह रात को ही बिलासपुर से घर पहुंचा। लगभग 3 बजे पिकअप पूरा जली हुई थी। उसकी पत्नी सीता साहू ने बताया कि वह रात में जग रही थी, तो उसे पता चला कि कुछ आवाज कोठार में आ रही है। बाहर निकलकर उसने पिकअप को जलते हुए देखा। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस धारा 435 के तहत जुर्म दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही है।



### जीपीएम जिला स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स ट्रायल कल

**पेंड्रा।** राष्ट्रीय जूनियर डिस्ट्रिक्ट चैम्पियन मीट फरवरी माह मे गुजरात में आयोजित की जाएगी। इसके लिए जिला गौरैला पेंड्रा मरवाही का चयन ट्रायल 20 दिसम्बर की सुबह दस बजे से फिजिकल कालेज पेंड्रा के मैदान पर रखा गया है, जिसमे 14 वर्ष व 16 वर्ष से कम आयु के बालक-बालिका हिस्सा ले सकते है। चयनित 13 खिलाड़ियों को सीधे राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अवसर प्राप्त होगा। प्रतियोगिता मे हिस्सा लेने के लिए एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया की यूआईडी होनी आवश्यक है, जिससे उक्त राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे खिलाड़ी हिस्सा ले सकें। खिलाड़ियों की आयु 30 जनवरी तक 4 वर्ष व 16 वर्ष से कम होनी चाहिए,12 वर्ष से कम आयु के खिलाडी इसमें हिस्सा नहीं ले पाएंगे। सभी 14 वर्ष व 16 वर्ष से कम आयु वर्ग के एथलीट को किड्स, भाला सहित किन्ही दो इवेंट मे हिस्सा लेना होगा। चयन ट्रायल मे हिस्सा लेने के लिए जन्म प्रमाणपत्र अंकसूची एवं आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए जिला एथलेटिक्स संघ जीपीएम के नंबर पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### पृथ्वी के कष्टों का निवारण करते हैं परमात्मा

**मस्तूरी।** जब जब लोगों की प्रवृत्तियां प्रदूषित हो जाती हैं, धरा पर पाप ताप की अधिकता हो जाती है, आसुरी प्रवृत्ति जनमानस पर हावी हो जाती है, तब तब परमब्रह्म परमात्मन विविध रुपों में अवतार धारण कर पृथ्वी के कष्टों का निवारण करते हैं। उक्त बातें ग्राम ओखर में रामरतन साहू के यहां चल रहे संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में ध्रुवाकारी वाले भागवत कथा वाचक भागवत पियुष सुशील तिवारी ने कही। उन्होंने आगे कहा कि प्रभु के अवतार का उद्देश्य केवल राक्षसों का वध ही नहीं होता बल्कि समाज में व्याप्त आसुरि भाव को परिवर्तित कर सुख सौहार्द्रमय, शान्तिमय, सुशिक्षित, संस्कारवान समाज का स्थापन होता है। असत्य पर सत्य का विजय अविश्वास व अंधविश्वास पर विश्वास का विजय अंधकार पर प्रकाश का विजय अविद्या पर विद्या का विजय अर्थात अज्ञान पर ज्ञान का विजय घोरतमतमस में भी प्रकाश पुंज का प्रस्फुटन का उद्देश्य होता है। विकारों, अभावों द्वंद्वों से अभिशप्त जीवन से मुक्त कर नवजीवन का सृजन और फिर अन्त में मोक्ष पद प्रदान करना होता हो। अर्थ, धर्म, काम एवं मोक्ष याने को चतुर्विधिक विकाश से परिपूर्ण दैहिक, दैविक ,भौतिक तापों मुक्तिभाव उत्पन्न कर शौर्यता, साहस, ओज, धैर्यता, शीलता की वृद्धि करते हैं जिससे परोपकार त्याग तप समतामूलक भाव उत्पन्न हो स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। कथा में मुख्य यजमान हेमन्त साहू एवं पिन्की साहू हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित होकर संगीतमय कथा को आत्मसात कर रहे हैं।



### हाथियों का उत्पात जारी अरहर की फसलों को रौंदा

**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल के अंतर्गत केंदई रेंज के कापानवापारा व बेलबंधा पहाड़ में 34 हाथियों का झुण्ड विचरण कर रहा है। हाथियों के इस झुण्ड ने आमाटिकरा गांव में उत्पात मचाते हुए दो ग्रामीणों के अरहर फसल को रौंद दिया, जिससे उन्हें हजारों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है। आमाटिकरा में हाथियों द्वारा फसल रौंदे जाने की सूचना मिलने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर नुकसानी के आंकलन में जुट गया है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक 32 हाथियों का झुण्डा बेलबंधा पहाड़ में है जबकि दो हाथी कापानवापारा जंगल में घूम रहे हैं।

## बाजार में बढ़ी गर्म कपड़ों की बिक्री

# कड़कड़ाती ठंड से जनजीवन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

क्षेत्र में इन दिनों ठंड अपने शबाब पर है। तापमान में भी लगातार गिरावट आ रही है। ठंड का कहर वैसे तो दिन भर रहता हैं पर शाम को 4 बजे के बाद सूरज के ढ़लते ही सुबह 10 बजे तक पूरा क्षेत्र ठंड की आगोश में रहता हैं। इससे जनजीवन भी प्रभावित हो रहा हैं। जिले में लगातार बढ़ती ठंड को देखते हुए नगरीय निकाय क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों में अलाव जलाने का कार्य किया जा रहा है। नगर पालिका द्वारा विभिन्न चौक-चौराहों पर अलाव जलाए जा रहे हैं।

सर्दी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है, रात में सर्द हवाओं के साथ ठंड कंपा रही है, सुबह गुनगुनी धूप खूब भाने लगी है, दिन भर मौसम शुष्क बना हुआ है। पर्यटकों के साथ आमजन को यह मौसम बहुत पसंद आ रहा है। अंचल में ठंडी हवाओं का आगमन होने लगा है, इसके कारण जिले में न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर प्रारंभ हो चुका है। ठंड बढ़ने लगी है। शहर के कई इलाकों में लोगों ने अलाव का सहारा लिया। ठण्ड बढ़ने से दिन में भी लोग गर्म कपड़ों में घूमते फिरते नजर आए। सर्द हवाओं के चलते मौसम खुशनुमा बना हुआ है।



अलाव का मजा लेते नागरिक।

खासकर युवाओं और पर्यटकों को यह खूब भा रहा है। ठण्ड बढ़ने से बुजुर्गों को थोडी समस्या हो सकती है, हालांकि वे भी दिन भर धूप का आंनद ले रहे है।

**अलाव का ले रहे सहारा**

पिछले एक सप्ताह से क्षेत्र में पड़ रही ठंड के कारण लोग बचने के लिए गर्म कपड़े का सहारा लेते दिख रहे है। सड़कों एवं सबेरे लोग अलाव जलाकर हाथ सेकने में लगे रहते है। एक ओर ठंड के कहर ने बुजुर्गों को परेशान कर रखा हैं वहीं स्कूल जाने के लिए बच्चे सुबह 6 बजे उठ कर, नहा धोकर तैयार हो रहे हैं और सड़क पर खड़े होकर स्कूली बस के आने का इंतजार करते दिखाई दे रहे हैं। जिससे उन्हे पड़ रही ठंड का सामना करना पड़ रहा हैं जिससे बच्चे परेशान हैं। बच्चों के साथ अभिभावक भी खासा परेशान हैं। अभिभावकों का कहना हैं कि ठंड को देखते हुए प्रशासन को समय में फेरबदल करना चाहिए। क्योंकि बच्चे सुबह 8 बजे स्कूल जाते हैं।

अधिकांश घरों मे रूम हीटर का उपयोग होने लगा है। ठंड बढ़ते ही एक ओर जहां बाजार में गर्म कपड़ों की बिक्री बढ़ी है। आयुर्वेदिक, चाय, पाउडर, सोंठ, लौंग, इलायची तथा बाजार में अदरक की खूब बिक्री हो रही है। कोरोना महामारी के बाद से लोग ठंड से बचने व स्वास्थ्य लाभ के लिए आयुर्वेद को प्राथमिकता में रखने लगे हैं। यही कारण है कि इन दिनों बाजार में इनकी मांग बढ़ी है।

## आयोध्या से बिल्हा पहुंचे अक्षत कलश का स्वागत

**बिल्हा।** 500 वर्षो के लंबे संघर्षों के पश्चात अयोध्या राम मंदिर में राम लला की मूर्ति स्थापना की गई। अयोध्या राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र से आए अक्षत कलश का बिल्हा पहुंचने में नगर की सीमा में सभी समाज के लोगों ने कीर्तन मंडली के साथ कीर्तन भजन कर भव्य शोभायात्रा निकालकर, प्रमुख चौक चौराहों में बाजा गाजा, पटाखा फोड़कर, अक्षत कलश यात्रा का स्वागत किया।

सर्व हिंदू समाज सनातनी बंधु, बजरंगी भाई, माताएं बहनें, बच्चे बड़े ही श्रद्धा भाव से दर्शन पूजन किया। नगर भ्रमण के पश्चात श्रीराम मंदिर में अक्षत कलश स्थापित किया गया। यहां से सभी मंडलों में इसका वितरण किया जाएगा। यह मंदिर में 7 दिन विराजमान रहेगी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा बिल्हा के सभी संगठन साथ मिलकर अक्षत से न्यौता घर-घर जाकर राम दरबार अयोध्या दर्शन हेतु आमंत्रण देगा। बिल्हा विधानसभा छत्तीसगढ़ से चलकर अयोध्याधाम राम मंदिर राम दरबार पहुंचना है। राम मंदिर में विराजित अक्षत कलश का दर्शन हेतु सभी भक्त राम मंदिर पहुंच,दर्शन कर अपना जीवन कृतार्थ करें और राम दरबार अयोध्या पहुंचने का आमंत्रण स्वीकार करें।





## अक्षत कलश का स्वयं सेवकों ने किया स्वागत

**तखतपुर।** अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में 22 जनवरी को विराजित होने वाले रामलला को लेकर होने वाले कार्यक्रम को लेकर रविवार को नगर में अक्षत कलश लाया गया। स्वयंसेवकों ने भाग लेकर पूजित अक्षत कलश का वितरण किया। एक-एक कलश में 2 किलो पूजित अक्षत तो दूसरी में चित्र और पत्रक है। अक्षत कलश के पहुंचने पर स्वयंसेवकों के नेतृत्व में स्वागत किया गया। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम लला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके लिए अयोध्या से अभिमंत्रित अक्षत कलश यात्रा निकाली जा रही है। जगह-जगह हुआ स्वागत दर्शन बजरंग नगर गुप्ता समाज पुराना बस स्टैंड व्यापारी महासंघ संगम नगर जिम मंगलानी महामाया चौक महामाया मित्र मंडली विभिन्न जगहों पर दर्शन में स्वागत किया गया। तत्पश्चात इसे नगर के सभी वार्डों में दर्शन के लिए घुमाया जाएगा। आचार्य त्र्यंबकम मिश्रा, योगेंद्र मिश्रा, नारायण पाठक, रोहन सिंह ठाकुर, जुगल किशोर पाण्डेय, श्रवण सिंह, लल्लन महाराज, यादव अचार, अनिरुद्ध दुर्वेदी, कोमल सिंह ठाकुर, संतोष कश्यप, श्यामू जायसवाल, धनंजय सिंह, ईश्वर देवांगन, मुन्ना मिश्रा, कृष्ण कुमार साहू, राकेश कसार, शालिग्राम सोनी, दिनेश साहू, नैनलाल साहू, रोशन सिंह, तिलक देवांगन, संजय निर्मलकर, मुकेश ताम्रकार, रजनीश जयसवाल, अविनाश ताम्रकार, पप्पू जायसवाल, श्यामनारायण सोनी, सहित अन्य उपस्थित रहे।

# परीक्षित मोक्ष के साथ भागवत कथा का विराम

**सेतगंगा/मुंगेली।** सेतगंगा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का समापन शनिवार को हुआ। कथा के अंतिम दिन श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। भागवताचार्य तारेंद्र महाराज ने सात दिन से चल रहे श्रीमद भागवत कथा के अंतिम दिन श्रीसुदामा चरित्र, शुकदेवजी की विदाई और महाराजा परीक्षित की मोक्ष और सात दिनों की कथा का सूक्ष्म रूप से व्याख्यान कर कई प्रसंग सुनाया गया।

सुदामा चरित्र का कथा का वर्णन करते हुए उन्होने कहा कि सुदामा संसार में सबसे अनोखे भक्त रहे हैं। वह जीवन में जितने गरीब नजर आए, उतने वे मन से धनवान भी थे। उन्होंने अपने सुख व दुखों को भगवान की इच्छा पर सौंप दिया। सुदामा भगवान श्रीकृष्ण से जब मिलने आए तो भगवान श्रीकृष्ण ने सुदामा के फटे कपड़े नहीं देखे, अपितु मित्र की भावनाओं को देखा। मनुष्य को अपना कर्म नहीं भूलना चाहिए।

अगर सच्चे मित्र हो तो कृष्ण और सुदामा की भांति होना चाहिए। अंत में फूलों की होली के साथ कथा का विश्राम दिया गया। सुदामा व श्रीकृष्ण मिलन की प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। कथा में बड़ी संख्या में महिला व पुरूष पहुंचकर कथा का रसपान किया। समापन के अवसर पर पुरातात्विक, अद्वितीय, ऐतिहासिक, प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर सेतगंगा के महंत राधेश्याम दास ने सभी का सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।



भागवत कथा में शामिल श्रद्धालुजन।

## लिम्हा में नशामुक्ति जागरण अभियान

**तखतपुर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लिम्हा में पुलिस विभाग के तत्वाधान एवं रामकुमार कश्यप के सहयोग से नशा मुक्तिजन जागरण अभियान निजात कार्यक्रम एवं मां सरस्वती की वंदना, अतिथियों का स्वागत किया गया। नशा मुक्ति निजात अभियान के अंतर्गत 9 दिसम्बर को ग्राम पंचायत लिम्हा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण में जन जागरण के संदर्भ में कार्यक्रम आयोजित कर समस्त ग्रामवासियों को नशा से होने वाले बुराइयों से अवगत कराकर सामाजिक आर्थिक एवं स्वयं की हानि की जानकारी देखकर इस नशा रूपी राक्षस बुराइयों को दूर करने का शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम को तखतपुरं थाना प्रभारी डीएसपी गौरव, श्री ठाकुर एवं सहायक उप निरीक्षक एसआर राजपूत एवं उनके स्टाफ द्वारा नशा से होने वाली सामाजिक बुराइयों को दूर करने सहयोग एवं उचित मार्गदर्शन की बात रखी गई। इस अवसर पर नागरिक को नशा को छोड़ उनके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक मुख्य आयोजक रामकुमार करणकपा, योग शिक्षक लिम्हा सरपंच आशीष ठाकुर, जगदीश कश्यप, शिक्षक सिंगरौली ठाकुर सर, शर्मा सर, कश्यप सर, विनय सर एवं समस्त छात्राओं की उपस्थिति के साथ नागरिक कृष्ण कुमार दुबे, संतोष केवट, श्रीमती रानीबाई, द्रौपदी, जीवराखन सिंह, साहिल सिंह, हरिराम, मनोज साहू एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तखतपुर हरीश जायसवाल, राधिका पांडे, पोड़ी गरिमा कार्यक्रम का आयोजन योग गुरु रामकुमार कश्यप, ब्रह्म कुमारी प्रजापति के साथी मणिशंकर निर्मलकर, मंजू दीदी ने कार्यक्रम को सफल बनाने एवं मार्गदर्शन करने नशे से बचने के लिए सभी को प्रेरित किया।

### जिले के जरूरतमंद एवं योजना से वंचित पात्र हितग्राहियों को मिलेगा आवास

# आवास योजना: सीएम के फैसले का लोगों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में राजधानी रायपुर में 14 दिसंबर को आयोजित कैबिनेट की प्रथम बैठक में राज्य के ग्रामीण अंचल के आवासहीन के लिए अहम फैसला लिया गया है। जिसका जिले के लोगों ने खुले मन से स्वागत किया। कैबिनेट में लिए गए इस निर्णय से जिले के जरूरतमंद एवं योजना के लाभ से वंचित हितग्राहियों का आवास बनेगा।

राज्य सरकार के इस निर्णय से जिले के लोगों के चेहरों में मुस्कान आ गई है। लोगों में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। मुंगेली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत करही के रमेश सिंह, गोकुल सिंह, प्रेम साहू, मोहित यादव, बाराती साहू ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में ग्रामीण अंचल के आवासहीन के लिए कैबिनेट के फैसले से वे काफी खुश है, अब उनका आवास का सपना पूरा हो जाएगा। लोगों ने बताया कि काफी लंबे समय से उनका नाम प्रधानमंत्री आवास योजना की स्थायी प्रतीक्षा सूची में शामिल है। लेकिन अब तक आवास नहीं बन पाया था। बता दें कि प्रधानमंत्री आवास योजना की स्थायी प्रतीक्षा सूची में जिले से 63 हजार 147 हितग्राहियों का नाम प्रतीक्षा सूची में शामिल है, जिनमें से 49 हजार 225 लोगों के लिए आवास स्वी—त हो चुका है। 41 हजार 788 हितग्राहियों का आवास का सपना पूर्ण हो चुका है। वहीं कैबिनेट के इस फैसले से प्रतीक्षा सूची में शामिल शेष लोगों का आवास बनने का सपना पूरा होगा।





## एनएसएस ने चलाया जनसंपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेलतरा

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ एवं यूनिसेफ द्वारा जिले के पांच ब्लॉक तखतपुर, मस्तूरी, बिल्हा, कोटा के 20 गांवों में ग्राम संपर्क अभियान चलाया गया।

यह अभियान कुलपति आचार्य एडीएन वाजपेई के मार्गदर्शन में कार्यक्रम समन्वयक डॉ.मनोज सिन्हा व कांति अंचल (जिला संगठक) के दिशा निर्देश से एवं यूनिसेफ बिलासपुर जिला समन्वयक रूमाना खान, कार्यक्रम अधिकारी संस्कृति शास्त्री, यूपेश चंद्राकर मुकेश, विभांशु अवस्थी के निर्देशन में चलाया गया। 11 संस्थानों के 90 स्वयंसेवको ने इस अभियान को सफल बनाया। इस अभियान के अंतर्गत महिला एवं बच्चों से जुड़ी विभिन्न प्रकार की समस्याओ और बाल यौन शोषण ,पॉस्को एक्ट, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल अधिकार, नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान, मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी प्राप्त की गई तथा इन समस्याओं के समाधान के लिए अनेक प्रकार के उपायों को बताते हुए ग्रामीणो को जागरुक किया गया। 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की समस्याओं के समाधान हेतु विशेष रूप से उन्हे चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के संबंध में जानकारी दी गई। इस अभियान में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध 11 संस्थाएं विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग, शासकीय जेपी वर्मा, डीएलएस, बिलासा गर्ल्स ,ई राघवेंद्र राव, शासकीय पातालेश्वर, मदन लाल शुक्ल, डीपी विप्र, डीपी विप्र विधि, पीएनएस, एसबीटी, महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं सेविकाओं ने मिलकर इस अभियान को सफल बनाया।

## शोभा यात्रा का बजरंग दल विहिप ने किया स्वागत



**पेंड्रा।** सतनामी समाज के द्वारा संत बाबा गुरुघासी दास जयंती पर निकाली गई शोभा यात्रा का विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंगदल ने भव्य स्वागत किया। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष हर्ष छाबरिया, स्वामी कामता महराज, जिला समरसता प्रमुख भूपेंद्र चौधरी, बजरंगदल जिला संयोजक सागर पटेल, प्रकाश साहू, विनय पाण्डेय, सरोज पवार, प्रिया त्रिवेदी, मीनू पांडे, वैशाली पांडे, कंचन मिश्रा, विमल मिश्रा, देवांश तिवारी, अमन गुप्ता, आनंद यादव, श्रेयांश, सुजीत,कान्हा, राजाप्रकाश, एवम विश्व हिंदू परिषद और बजरंगदल के सभी सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## गुरुनाम संकीर्तन व भंडारे के साथ भक्तिमय रहा वातावरण



**पथरिया।** गुरु घासीदास जयंती सोमवार को आस्था और भक्ति के साथ मनाई गई। गुरु पर्व के पावन अवसर पर समाज के लोगों ने गुरु पूजन किया और गुरु नाम संकीर्तन के साथ आस्थामय माहौल बना रहा। नगर के विभिन्न स्थानों में सुबह से लेकर देर शाम तक जैत खंभ में ध्वजारोहण, गुरुनाम संकीर्तन और भंडारे सहित अन्य भक्तिमय कार्यक्रम किया गया। पथरिया एंव चोरभट्टी के जैतखंभ समाज के सभी महिला पुरुष ध्वजारोहण एवं गुरु का पूजन किया। इसके बाद चौका आरती, संकीर्तन और प्रसाद वितरण सहित अन्य कार्यक्रम के साथ नगर मे शोभायात्रा निकाली गई।

## सीनियर इंटर डिस्ट्रिक्ट प्लेट ग्रुप में खिलाड़ी चयनित

**मुंगेली।** सीनियर इंटर डिस्ट्रिक्ट प्लेट ग्रुप में जांजगीर चांपा के राजा बघेल और कवर्धा के खिलाड़ी दुर्गेश सोनकर जिला क्रिकेट संघ की सीनियर टीम में चयनित हुए हैं। क्रिकेट अकादमी सन राइस क्रिकेट सोसाइटी के खिलाड़ी छत्तीसगढ़ राज्य की टीम में चयनित हुए हैं।

बालक खिलाड़ी भी लगातर अच्छे लेवल पर जा रहे है। छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट प्लेट ग्रुप के सीनियर क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए जांजगीर चांपा जिला क्रिकेट एसोसिएशन की टीम में मिडियम पेसर राजा बघेल चयनित हुए हैं। वही कवर्धा जिला क्रिकेट संघ की टीम में ऑल राउंडर क्रिकेट खिलाड़ी दुर्गेश सोनकर चयनित हुए हैं। सन राइस क्रिकेट अकादमी के संचालक जलेश यादव ने बताया कि दोनो बहुत प्रतिभाशील खिलाड़ी हैं। राजा बघेल मीडियम पेसर है वह जबरदस्त फिल्डर के साथ अच्छी बल्लेबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन करता है, वही दुर्गेश सोनकर एक अच्छा ऑल राउंडर क्रिकेट खिलाड़ी है। अपनी एकेडमी की ओर से वह ओपनर बल्लेबाजी, गेंदबाजी करता है फिल्डिंग भी जबरदस्त है।

